एक सम्मानित सदस्य : पनिशमेंट जरूर देनी चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Honourable Members, I have already stated that I shall immediately check up the record and find out the words he has used.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: During the day.

THE VICE-CHAIRMAN (DR NAGEN SAIKIA): It is very unfortunate that one Member made such comments against the Leader of the House. He is not the Home Minister only but he is the Leader of the House also. The Member is not present here. Let him come back. So, we will take up the matter later on.

We shall now take up the The Government of National Capital Territory of Delhi Bill, 1991. The motion for consideration has already been moved. Shri Mohammed Afzal.

THE GOVERNMENT OF NATIONAL TERRITORY OF DELHI BILL, 1991 —Contd.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मोहतरम, वाईस चेयरमैन साहब, दिल्ली असेंबली लाने के सिलसिले में जो बिल यहां पेश किया गया है, मैं उसे खुशामदीद कहता हूं । दो शायरों ने इस सिलसिले में दो मिसरे कहे हैं, जो कि चव्हाण साहब की नजर करना चाहता हूं :

"बहुत देर की मेहरबां आते-आते, ... (व्यवधान) ...

شری محمد افضل عرف م۔ افضل : محترم وائس چیئرمین صاحب ۔ دلی اسمبلی لانے کے سلسلے میں جو بل یہاں پیش کیا گیا ہے ۔ میں اسے خوش آمدید کہتا ہوں ۔ دو شاعروں نے اس سلسلے میں دو مصرعے کہے ہیں جو کہ چوان صاحب کی نذر کرنا چاہتا ہوں :

بہت دیر کی مہرباں آتے آتے ... "مداخلت"...

सम्मानित सदस्य : आ गये-आ गये, बी. जे. पी. के सदस्य । ... (व्यवधान)

श्री लखीराम अग्रवाल (मध्य प्रदेश) हाऊस आपकी जागीर है क्या, जो नहीं आयेंगे ? ... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) आप लोग भी वाकआउट करते हैं, तब आप आते हो या नहीं आते हो; तो फिर कोई नयी बात है क्या ? ... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Mr. Mohammed Afzal, carry on... (*Interruptions*) ...

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : सर, एक्सचेंजेज बंद हो जाये तो मैं शुरू करूं ।

شری محمد افضل عرف م۔ افضل : سر ایکس چینج بند ہو جائیں تو میں شروع کروں ۔

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Yes, please go on.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : सर, मैं यह कहना चाहूंगा कि दिल्ली के बारे में एक कहावत है कि वह सात बार उजड़ी और सात बास बसी । अफसोस की बात यह

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

[श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल]

है कि गुजिस्ता आठ साल से दिल्ली को सियासी तौर पर आठवीं बार उजाड़ा गया था । मुझ खुशी है कि मौजूदा सरकार ने उसको सियासी तौर पर दोबारा बसाने के लिए एक अच्छा कदम उठाया है । बिल आ गया है और मैं समझता हूं कि ज्यादातर पार्टीज ने भी इसका स्वागत किया है, हमारी पार्टी भी इसका स्वागत करती है । बहरहाल जो रिजर्वेशंस है, जो कमियां हैं इसमें, उसकी तरफ ध्यान दिलाना मैं अपना फर्ज समझता हूं । ... (व्यवधान) ...

†شری محمد افضل عرف م۔ افضل: سر میں یہ کہنا چاہوں گا کہ دلّی کے بارے میں ایک کہاوت ہے کہ وہ سات بار اجڑی اور سات بار بسی۔ افسوس کی بات یہ ہے کہ گزشتہ آٹھ سال سے دلّی کو سیاسی طور پر آٹھویں بار اجاڑا گیا تھا مجھے خوشی ہے کہ موجودہ سرکار نے اس کو سیاسی طور پر دوبارہ بسانے کے لئے ایک اچھا قدم اٹھایا ہے۔ بل آگیا ہے اور میں یہ سمجھتا ہوں کہ زیادہ تر پارٹیز نے اس کا سواگت کیا ہے ہماری پارٹی بھی اس کا سواگت کرتی ہے۔ بہرحال جو ریزرویشنس ہیں جو کمیاں ہیں اس میں اس کی طرف دھیان دلانا میں اپنا فرض سمجھتا ہوں ..." مداخلت"

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Mr. Jogi, kindly sit down... (*Interruptions*)...

श्री जीत जोगी : *

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Mr. Jogi, you have started speaking without taking permission from me. It will not go on record in this way. Without my permission if you go on speaking, it will not go on record. .. (*Interruptions*)... Please sit down. Why are you making noise? ...(*Interruptions*)... A few minutes back the Members, cutting across all party lines, almost, were of the opinion that some remark made by one honourable Member was not nice and it hurt the dignity of the Leader of the House. That honourable Member is now present here and I would like him to react.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): Sir, I am one who always upholds the dignity of this House and that of the Leader of the House. Might be—I do not recall it—I have uttered certain wrong words that you deem to be unfit. I withdraw them with all my humility.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Okay. The matter is over.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मोहतरम वाईस चेयरमैन साहब, दिल्ली का जो बिल आया है, मैंने पहले भी कहा कि उसको तमाम पार्टियों ने वेलकम किया है और हमारी पार्टी भी इस बिल को वेलकम करती है लेकिन कुछ जरूरी चीजें हैं जिन पर तवज्जह दिलाना मैं अपना फर्ज समझता हूं ।

मोहतरम, दिल्ली एक ऐसा शहर है जिसमें मुल्क के तकरीबन तमाम हिस्सों के लोग आकर रहते हैं और रह रहे हैं, यहां के निवासी बन चुके हैं । इसमें मुख्तलिफ सूबों से ही लोग नहीं आए हैं बल्कि मुख्तलिफ जातों से, मुख्तलिफ फिरकों से और मुख्तलिफ मजाहिब से ताल्लुक रखने वाले लोग हैं । जो बिल आया है, उसमें कहा गया है कि 70 लोगों की एक असेंबली यहां पर बनेगी । मेरा ख्याल है कि चूंकि यहां काउंसिल नहीं है और इस बिल में ऐसा कोई प्रोविजन मौजूद नहीं है जिससे अगर किसी मौके पर यह महसूस किया जाए कि कोई फिरका या कोई कम्युनिटी या कोई सैक्शन अनरिप्रैजेंटेड है तो उस को किसी तरह से उसके अंदर शामिल किया जाए और असेंबली में लाकर उसके रिप्रेजेंटेशन को पूरा किया जाए । तो मैं

*Not recorded.

†[ ] Transliteration in Arabic script.

मोहतरम वजीरे दाखिला से गुजारिश करूंगा कि वे इसमें एक तरमीम करें और चूंकि यहां काउंसिल नहीं है इसलिए कम से कम 25 फीसदी लोग को-ऑप्ट किए जाएं जिनमें 10 फीसदी लोगों को सदर, जम्हूरियते हिंद नामजद करें और 15 लोगों को खुद असेंबली के लोग ही को-ऑप्ट करें ताकि उनकी सही रिप्रेजेंटेशन हो। मिसाल के तौर पर अगर औरतों का सही रिप्रेजेंटेशन नहीं है या मिसाल के तौर पर मैं यह कह सकता हूं कि दिल्ली के अंदर ईसाई कम्युनिटी के लोग काफी बड़ी तादाद में रहते हैं लेकिन ईसाई मेंबर के आने का कोई साधन मुझे वजाहिर नजर नहीं आता और अगर वह पूरा नहीं होता तो को-ऑप्ट करके उस कम्युनिटी का सैटिस्फैक्शन हो सके। इसी तरह किसी का भी हो सकता है। यह मेरा पहला सजैशन है।

दूसरी बात यह है कि लैफ्टिनेंट गवर्नर के सिलसिले में जो पावर्स दी गई हैं, उनमें फाइनेंस की काफी डिस्क्रैशनरी पावर्स लेफ्टिनेंट गवर्नर को दी गई हैं। मैं समझता हूं कि दिल्ली एक ऐसा शहर है जहां अगर गवर्नर की भी फाइनेंस की डिस्क्रैशनरी पावर्स होगी और चीफ मिनिस्टर की पावर्स कम होगी तो इससे फ्यूचर में झगड़ा पैदा होने का अंदेशा है। लिहाजा मेरा स्ट्रेटफारवर्ड कहना यह है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर की जो फाइनेंनशियल डिस्क्रेशनरी पावर्स हैं, उन पावर्स को कम किया जाना चाहिए और चीफ मिनिस्टर को ज्यादा से ज्यादा पावर्स दी जानी चाहिए।

एक बहुत अहम बात यह है कि जो म्युनिसिपल बाडीज हैं, उनको इंटैक्ट छोड़ा गया है, उनकी पावर्स को ज्यों का त्यों छोड़ा गया है। मिसाल के तौर पर डी.टी.सी. है, डेसू है, एन.डी.एम.सी. है, एम.सी.डी. है, वाटर एण्ड सीवेज अंडरटेकिंग है, दिल्ली मिल्क स्कीम है और मदर डेयरी है। यह बहुत ही एसेंशियल सर्विसेज हैं। अगर इनको बिल्कुल असेंबली से अलहदा कर दिया जाए और किसी किस्म का कोई कंट्रोल अवामी नुमाइंदों का इन पर न रहे तो मैं समझता हूं कि उस असेंबली की रूह जो है, वह मुतासिर होगी। इसलिए मैं समझता हूं कि ये पावर्स इंटैक्ट नहीं छोड़नी चाहिए और असेंबली को कुछ न कुछ अख्तियारात इस सिलसिले में होने चाहिए।

एक बहुत अहम मसला बहुत सारे मेम्बरान ने पहले उठाया था वह डिलिमिटेशन का है। दिल्ली के अंदर जब 1977 में डिलिमिटेशन हुआ था तो माइनोरिटीज कम्युनिटीज ने यह बात महसूस की कि उनके हलकों को मोहतरम इस तरह से बांटा गया कि उनका कंसंट्रेशन खत्म कर दिया गया। मैं एक मिसाल आपको दे सकता हूं। सदर बाजार की एक कांस्टीट्युएंसी है, चांदनी चौक की एक कांस्टीट्युएंसी है या फिर दूसरी जगहों पर हमने यह देखा कि जैसे जाफराबाद है, वहां पर कारपोरेशन की एक कांस्टीट्युएंसी है। वहां मुस्लिम लोग माइनोरिटी में है लेकिन उसको एक रिजर्वड कांस्टीट्युएंसी बना दिया गया। तो डिलिमिटेशन करते वक्त इस बात का ख्याल रखा जाए कि अख्लियती वोट्स को बांट की दीदाओं दानिस्तां कोशिश न की जाए इस बात पर मैं बार-बार तवज्जह दिला रहा हूं और वजीरे दाखिला साहब से गुजारिश कर रहा हूं कि जब भी डिलिमिटेशन किया जाए तो इस बात का खास तौर पर ख्याल किया जाए कि जो माइनोरिटी कम्युनिटीज हैं, चाहे वे कोई भी हों, उनके वोट्स के कंसंट्रेशन को खत्म करने की कोशिश न की जाए।

मैं सिर्फ सजेशन दे रहा हूं, कोई भाषण नहीं दे रहा हूं। दिल्ली में दो तरह की गवर्नमेंट होगी। सेंट्रल गवर्नमेंट के भी कुछ अख्तियारात हैं और दिल्ली की जो असेंबली होगी, उसके भी कुछ अख्तियारात हैं। सर, मेरी रिक्वैस्ट यह है कि इनका कोआर्डिनेशन ठीक तरह से होना चाहिए और इस सिलसिले में लोकसभा में कुछ रिस्पैक्टिव मेम्बरान ने अपने सजेशन रखे हैं कि एक कोआर्डिनेशन कमेटी होनी चाहिए जो दोनों सरकारों के दरम्यान काम करे ताकि फ्यूचर में कभी इस मसले पर झगड़ा पैदा न हो। मैं इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं, मैंने पहले भी इस बात पर बोलते हुए कहा था कि दिल्ली का लैंड और ला एण्ड आर्डर, दो बड़े अहम मसले हैं और यह मरकजी सरकार को अपने पास रखने चाहिए। हमारा माजी का तजुर्बा यह बताता है कि अगर लैंड को दिया जाए

[श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल]

किसी को और इत्तफाक से कोई सरकार, किसी की भी सरकार हो सकती है और माजी में ऐसी मिसालें कुछ स्टेट्स में हैं कि चीफ मिनिस्टर साहब आए और उन्होंने यहां बहुत ही सस्ते दामों में जमीनों को फरोख्त कर दिया। दिल्ली का जो लैंड का मसला है, यहां एक-एक इंच जमीन की बहुत ज्यादा कीमत है। इसलिए लैंड वाकयी सेंट्रल गवर्नमेंट के अंडर में होना चाहिए। ऐसा करके, बिल के अंदर रखकर एक बहुत अच्छा प्रोविजन उन्होंने किया है, मैं उसको खुशामदीद कहता हूं।

आखिर में सर, मैं यह कहूंगा कि दिल्ली एक अहम जगह है, मुल्क की राजधानी है। यहां पर जो भी काम होगा, सियासी प्रोसैस जो भी शुरू किया जाएगा, उसका ताल्लुक पूरे मुल्क से है। इसलिए मुझे लगता है कि यह बिल बहुत अच्छा है। इस बिल को हर तरफ से खुशामदीद किया जाना चाहिए लेकिन जितनी जल्दी में इसको लाया जा रहा है, इससे मैं समझता हूं बहुत ही अहम नुक्तों पर हमारे मुअज्जिज मेम्बरान बहस नहीं कर पायेंगे और तफसील से इसका जायजा नहीं ले पायेंगे। इसलिए मेरी गुजारिश यह है कि इस बिल को बहुत जल्दी में नहीं लाना चाहिए। इसके एक-एक पहलू पर गौर किया जाना चाहिए और मैं तो आज भी यह कहूंगा और मैंने पहले भी कहा था कि स्टैंडिंग कमेटी में इसको रेफर किया जाए ताकि वह इसके एक-एक पहलू पर बहुत अच्छी तरह से गौर करके और फिर इसको लागू किया जाए। बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: आया ہے۔ میں نے پہلے بھی کہا کہ اس کو تمام پارٹیوں نے ویلکم کیا ہے اور ہماری پارٹی بھی اس بل کو ویلکم کرتی ہے لیکن کچھ ضروری چیزیں ہیں جن پر توجہ دلانا میں ضروری سمجھتا ہوں

محترم۔ دلّی ایک ایسا شہر ہے کہ جس میں ملک کے تقریباً تمام حصوں کے لوگ آکر بستے ہیں اور رہ رہے ہیں یہاں کے نواسی بن چکے ہیں اس میں مختلف صوبوں سے ہی لوگ نہیں آتے ہیں بلکہ مختلف ذاتوں سے مختلف فرقوں سے اور مختلف مذاہب سے تعلق رکھنے والے لوگ ہیں۔ جو بل آیا ہے اس میں کہا گیا ہے کہ ۷۰ لوگوں کی ایک اسمبلی یہاں پر بنے گی میرا خیال ہے کہ چونکہ یہاں کا کونسل نہیں ہے اور اس بل میں ایسا کوئی پروویژن موجود نہیں ہے۔ جس سے اگر کسی موقع پر یہ محسوس کیا جائے کہ کوئی فرقہ یا کوئی کمیونٹی یا کوئی سیکشن ان ری پریزنٹڈ ہے تو اس کو کس طرح سے اس کے اندر شامل کیا جائے اور اسمبلی میں لاکر اس کے ریپریزنٹیشن کو پورا کیا جائے۔ تو میں محترم وزیر داخلہ سے گزارش کروں گا کہ وہ اس میں ایک ترمیم کریں اور کیونکہ یہاں کا کونسل نہیں ہے اس لئے کم سے کم ۲۵ فیصدی لوگوں کو اوپٹ کیا جائے جس میں ۱۰ فیصدی لوگوں کو صدر جمہوریہ ہند نامزد کریں اور ۱۵ لوگوں کو خود اسمبلی کے لوگ ہی کو اوپٹ کریں تاکہ ان کا

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल: माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया। मैं इस बिल का तहेदिल से खैरमकदम करता हूं। इस बिल को सभी पार्टियों ने वेलकम किया है और हमारी पार्टी भी इस बिल को वेलकम करती है लेकिन कुछ जरूरी चीजें हैं जिन पर तवज्जो दिलाना मैं जरूरी समझता हूं।

माननीय सभापति महोदय, दिल्ली एक ऐसा शहर है जहां मुल्क के लगभग सभी हिस्सों के लोग आकर बसते हैं और रह रहे हैं। यहां के नवासी बन चुके हैं। इसमें विभिन्न प्रांतों से ही लोग नहीं आते हैं बल्कि विभिन्न जातियों से, विभिन्न फिरकों से और विभिन्न मजहबों से ताल्लुक रखने वाले लोग हैं। जो बिल आया है उसमें कहा गया है कि ७० लोगों की एक असेम्बली यहां पर बनेगी। मेरा खयाल है कि चूंकि यहां कौंसिल नहीं है और इस बिल में ऐसा कोई प्रोविजन मौजूद नहीं है जिससे अगर किसी मौके पर यह महसूस किया जाए कि कोई फिरका या कोई कम्युनिटी या कोई सैक्शन अंडर रिप्रेजेंटेड है तो उसको किस तरह से इसके अंदर शामिल किया जाए और असेम्बली में लाकर उसके रिप्रेजेंटेशन को पूरा किया जाए, तो मैं माननीय वजीर-ए-दाखिला से गुजारिश करूंगा कि वह इसमें एक अमेंडमेंट करें और क्योंकि यहां कौंसिल नहीं है इसलिए कम से कम २५ फीसदी लोगों को अपॉइंट किया जाए जिसमें १० फीसदी लोगों को सदर-ए-जम्हूरिया-ए-हिंद नामजद करें और १५ लोगों को खुद असेम्बली के लोग ही को-अपॉइंट करें ताकि उन का

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

مثال کے طور پر ڈی ٹی سی ہے۔ ڈی ایس یو ہے، این ڈی ایم سی ہے۔ ایم سی ڈی ہے۔ واٹر اینڈ سیوریج انڈر ٹیکنگ ہے۔ دلّی ملک اسکیم ہے اور مدر ڈیری ہے۔ یہ بہت ہی ایسنشیل سروسز ہیں۔ اگر ان کو بالکل اسمبلی سے علیحدہ کر دیا جائے اور کسی قسم کا کوئی کنٹرول عوامی نمائندوں کا ان پر نہ رہے تو میں سمجھتا ہوں کہ اس اسمبلی کی روح جو ہے وہ متاثر ہوگی۔ اس لئے میں سمجھتا ہوں کہ یہ پاورس اٹیچ نہیں چھوڑنی چاہئیں اور اسمبلی کو کچھ نہ کچھ اختیارات اس سلسلے میں ہونے چاہئیں۔

ایک بہت اہم مسئلہ بہت سارے ممبران نے پہلے بھی اٹھایا تھا وہ ڈیلیمیٹیشن کا ہے۔ دلّی کے اندر جب ۱۹۷۷ میں ڈیلیمیٹیشن ہوا تھا تو مائناریٹی کمیونٹیز نے یہ بات محسوس کی کہ ان کے حلقوں کو محترم اس طرح سے بانٹا گیا کہ ان کا کنسٹولیشن ختم کر دیا گیا۔ میں ایک مثال آپ کو دے سکتا ہوں، صدر بازار کی ایک کانسٹی ٹیونسی ہے۔ چاندنی چوک کی ایک کانسٹی ٹیونسی ہے یا پھر دوسری جگہوں پر ہم نے یہ دیکھا ہے کہ جیسے جعفر آباد ہے۔ وہاں پر کارپوریشن کی ایک کانسٹی ٹیونسی ہے۔ وہاں مسلم لوگ مائناریٹی میں ہیں لیکن اس کو ایک ریزرو کانسٹی ٹیونسی بنا دیا گیا۔ تو ڈیلیمیٹیشن کرتے وقت صحیح رپریزینٹیشن ہو۔ مثال کے طور پر اگر عورتوں کا صحیح رپریزینٹیشن نہیں ہے یا مثال کے طور پر میں یہ کہہ سکتا ہوں کہ دلی کے اندر عیسائی کمیونٹی کے لوگ کافی بڑی تعداد میں رہتے ہیں لیکن عیسائی ممبر کے چننے کا کوئی سادھن مجھے بظاہر نظر نہیں آتا اور اگر وہ پورا نہیں ہوتا تو کوآپٹ کر کے اس کمیونٹی کا سیٹس فیکشن ہو سکے۔ اسی طرح کسی کا بھی ہو سکتا ہے یہ میرا پہلا سجیشن ہے۔

دوسری بات یہ ہے کہ لیفٹیننٹ گورنر کے سلسلے میں جو پاورس دی گئی ہے۔ ان میں فائننس کی کافی ڈسکریشنری پاورس لیفٹیننٹ گورنر کو دے دی گئی ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ دلّی ایک ایسا شہر ہے جہاں اگر گورنر کو بھی فائننس کی ڈسکریشنری پاورس ہوں گی اور چیف منسٹرس کی پاورس کم ہوں گی تو اس سے فیوچر میں جھگڑا پیدا ہونے کا اندیشہ ہے لہذا میرا اسٹریٹ فارورڈ کہنا یہ ہے کہ لیفٹیننٹ گورنر کی جو فائننشیل ڈسکریشنری پاورس ہیں۔ ان پاورس کو کم کیا جانا چاہیئے اور چیف منسٹر کو زیادہ سے زیادہ پاورس دی جانی چاہیئے۔

ایک بہت اہم بات یہ ہے کہ جو میونسپل باڈیز ہیں ان کو اٹیچ چھوڑا گیا ہے ان کی پاورس کو جیوں کا تیوں چھوڑا گیا ہے

اگر لینڈ کو دے دیا جائے کسی کو اور اتفاق سے کوئی سرکار۔ کسی کی بھی سرکار ہو سکتی ہے اور ماضی میں ایسی مثالیں کچھ اسٹیٹس میں ہیں کہ چیف منسٹر صاحب آئے اور انہوں نے یہاں بہت ہی سستے داموں میں زمینوں کو فروخت کر دیا۔ دلّی کو جو لینڈ کا مسئلہ ہے۔ یہاں ایک ایک انچ کی بہت زیادہ قیمت ہے۔ اس لئے لینڈ واقعی سینٹرل گورنمنٹ کے اندر ہونی چاہیئے۔ ایسا کر کے بل کے اندر رکھ کر ایک بہت اچھا پروویژن انہوں نے کیا ہے۔ میں اس کو خوش آمدید کہتا ہوں۔

آخر میں سر میں یہ کہوں گا کہ دلّی ایک بہت اہم جگہ ہے۔ ملک کی راجدھانی ہے۔ یہاں پہ جو بھی کام ہوگا۔ سیاسی پروسیس جو بھی شروع کیا جائے گا اس کو اس کا تعلق پورے ملک سے ہے۔ اس لئے مجھے لگتا ہے کہ یہ بل بہت اچھا ہے۔ اس بل کو ہر طرف سے خوش آمدید کیا جانا چاہیئے لیکن جتنی جلدی میں اس کو لایا جا رہا ہے۔ اس سے میں سمجھتا ہوں بہت ہی اہم نکتوں پر ہمارے معزز ممبران بحث نہیں کر پائیں گے اور تفصیل سے اس کا جائزہ نہیں لے پائیں گے۔ اس لئے میری گزارش یہ ہے کہ اس بل کو بہت جلدی میں نہیں لانا چاہیئے۔ اس کے ایک ایک پہلو پر غور کیا جانا چاہیئے اور میں تو آج بھی یہ کہوں گا اور میں نے پہلے بھی کہا تھا کہ اس بات کا خیال رکھا جائے کہ اقلیتی ووٹ کو دیدہ و دانستہ بانٹنے کی کوشش نہ کی جائے۔ اس بات پر میں بار بار توجہ دلاتا رہا ہوں اور وزیر داخلہ صاحب سے گزارش کر رہا ہوں کہ جب بھی ڈی مارکیشن کیا جائے تو اس بات کا خاص طور پر خیال کیا جائے کہ جو مائناریٹی کمیونٹیز ہیں چاہے وہ کوئی بھی ہوں۔ ان کے ووٹ کے کنسٹرکشن کو ختم کرنے کی کوشش نہ کی جائے۔

میں صرف سجیشن دے رہا ہوں۔ کوئی بھاشن نہیں کر رہا ہوں۔ دلّی میں دو طرح کی گورنمنٹ ہوگی۔ سینٹرل گورنمنٹ کے بھی کچھ اختیارات ہیں اور دلّی کی جو اسمبلی ہوگی اس کو بھی کچھ اختیارات ہیں۔ سر میری رکویسٹ یہ ہے کہ ان کا کوآرڈی نیشن ٹھیک طرح سے ہونا چاہیئے اور اس سلسلے میں لوک سبھا میں کچھ ریزرویشنز ممبران نے اپنے سجیشن رکھے ہیں کہ کوآرڈی نیشن کمیٹی ہونی چاہیئے جو دونوں سرکاروں کے درمیان کام کرے تاکہ فیوچر میں کبھی اس مسئلہ پر جھگڑا پیدا نہ ہو۔ میں اس بات کے لئے مبارکباد دیتا ہوں۔ میں نے پہلے بھی اس بات پر بولتے ہوئے کہا تھا کہ دلّی کا لینڈ اور لا اینڈ آرڈر دو بڑے اہم مسئلے ہیں اور یہ مرکزی سرکار کو اپنے پاس رکھنے چاہئیں۔ ہمارا ماضی کا تجربہ یہ بتاتا ہے کہ

اسٹینڈنگ کمیٹی میں اس کو ریفر کیا جائے۔ تاکہ وہ اس کے ایک ایک پہلو پر غور کیا جانا چاہیئے اور میں تو آج بھی یہ کہوں گا اور میں نے پہلے بھی کہا تھا کہ اسٹینڈنگ کمیٹی میں اس کو ریفر کیا جائے تاکہ وہ اس کے ایک ایک پہلو پر اچھی طرح سے غور کر کے اور پھر اس کو لاگو کیا جائے۔ بہت بہت شکریہ۔۔۔

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Members will have to be very brief. We have only one hour's time for this debate and we have got 12 speakers.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Five minutes each.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Yes.

श्री हरवेंद्र सिंह हंसपाल (पंजाब) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी है कि आनरेबल होम मिनिस्टर चव्हाण साहब नेशनल कैपिटल टेरिटरी आफ दिल्ली में इलेक्टेड ऐसेम्बली और काउंसिल आफ मिनिस्टर्स बनाने के लिए यह बिल सदन के सामने लाए हैं।

महोदय, दिल्ली एक ऐतिहासिक जगह है और इतिहास में इसका बहुत बड़ा स्थान है। यह बहुत पुराना शहर है। उसकी डिटेल में इस समय मैं नहीं जाना चाहता। लेकिन सरकारिया कमीशन या बालकृष्ण कमेटी की रिपोर्ट की बेसिस के ऊपर दिल्ली को आपने एक डेमोक्रेटिकली इलेक्टेड ऐसेम्बली देने का फैसला किया है, शायद पहले इतनी हकूक वाली ऐसेम्बली दिल्ली में पहले कभी नहीं मिली। पहले अधिकार रहे हैं, ऐसेम्बली रही है, लेकिन उसके लिए मैं ये शब्द इस्तेमाल करूं कि वह इनइफेक्टिव थीं, मैट्रोपोलिटन काउंसिल उससे भी ज्यादा इनइफेक्टिव थी तो बहुत अच्छा नहीं लगता। लेकिन जो अब हो रहा है वह बहुत अच्छा है।

श्री **शारदा महतो** (उड़ीसा) : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। बाहर इतना शोरगुल है हम कुछ सुन नहीं पा रहे हैं। लाबी में बहुत शोरगुल है (**व्यवधान**)

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : दरवाजा बंद करवा दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): That is in the Lobby. Members should be attentive to the proceedings and ignore the noise that is bejng made outside.

SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu): Noise disturbs the House.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): It is for the first time that outside noise is more than the noise inside.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): It will be taken care of.

श्री हरवेंद्र सिंह हंसपाल : यह पहली दफा हुआ नार्मली अंदर ही ज्यादा होता है।

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: We cannot hear you.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): It is an infection from inside.

श्री हरवेंद्र सिंह हंसपाल : होम मिनिस्टर चव्हाण साहब ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है। लेकिन सवाल इस बात का नहीं है कि दिल्ली में मेट्रोपोलिटन कौंसिल हो या दिल्ली के अंदर असेम्बली हो। एम.एल.एज. बनें या कौंसिलर्स बनें यह टेक्नीकल सी बात है। दिल्ली के अंदर क्या होना चाहिए, किस चीज की जरूरत है मैं समझता हूं इन बातों पर

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

[श्री हरवेन्द्रसिंह हंसपाल]

आपने ध्यान दिया होगा । लेकिन मैं बहुत संक्षेप में आपका ध्यान कुछ बातों की तरफ ले जाना चाहूंगा। आपने इसका नाम बहुत अच्छा रखा—नेशनल केपिटल । यह सही बात है दिल्ली एक नेशनल केपिटल है। किसी एक स्टेट की केपिटल नहीं है। सारे देश के लोग यहां आकर बसते हैं, रहते हैं, विदेशी यहां रहते हैं, डिप्लोमेट्स यहां रहते हैं । दिल्ली एक माडल शहर बन जाए बहुत अच्छी बात होगी। यही एक खास बात है इसको आप असेम्बली देकर करें या किसी और ढंग से करें। आज हम बहुत से मेम्बरों को बाहर जाने का मौका मिलता है। हमें दुनिया के दूसरे देशों की केपिटल में जाकर देखने का मौका मिलता है बड़े-बड़े मुल्कों की केपिटल देखने का मौका मिलता है, छोटे से छोटे मुल्कों की केपिटल देखने का मौका मिलता है। मैं दिल्ली को उससे अलग नहीं करना चाहता लेकिन दिल्ली में, वे सब बातें जो है, उनसे भी अधिक होनी बहुत जरूरी है। इससे देश का मान, प्रतिष्ठा और ऑनर बढ़ता है । यह कैसे हो बहुत बड़े काम्पलेक्स का सवाल है। दिल्ली के अंदर जो सबसे बड़ी कमी इस वक्त नजर आ रही है वह मल्टीपिलिसिटी आफ अथोरिटीज हैं । यहां पर म्युनिसिपल कारपोरेशन है, दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन है, डी.डी.ए. है, डेसू है, एन.डी.एम.सी. है। न जाने कितनी और अंडरटेकिंग्स हैं जिनके पास बहुत बड़े-बड़े अख्तियार हैं ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) पीठासीन हुए]

सवाल यह है कि उनकी क्या पोजीशन होगी । अब जब असेम्बली ले आयेंगे तो उनकी क्या पोजिशन होगी। आगे जाने से पहले मैं इस बात से सहमत हूं कि दिल्ली को पूरी असेम्बली नहीं दी जा सकती । जैसा मैंने पहले कहा कि दिल्ली में सारे देश के लोग आकर बसते हैं, विदेशी यहां हैं, कॉस्मोपालिटन सिटी यह है । दिल्ली में एक पार्टी का राज आ जाए और सेन्टर में दूसरी पार्टी का राज हो, यह सही बात है कि उसको संभालना बहुत मुश्किल हो जायेगा । सेन्टर का कंट्रोल दिल्ली पर रहे यह अपनी जगह बहुत जरूरी है जब दिल्ली के ऊपर सेन्ट्रल का कंट्रोल रहेगा तब दिल्ली अच्छा शहर माडर्न शहर नहीं होगा तो उसका कसूरवार दिल्ली की असेम्बली या इलेक्टेड मेम्बर नहीं होंगे बल्कि मैं कहूंगा सेन्टर होगा।

दिल्ली के अंदर आज हालत यह है, जैसा मैंने शुरू में कहा यहां बहुत सी अथोरिटीज हैं। उनके पास बहुत बड़े साधन हैं लेकिन उनका सदुपयोग नहीं करते बल्कि शायद दुरुपयोग करते हैं । इसकी वजह से आज दिल्ली के अंदर न पानी की हालत अच्छी है, न बिजली की हालत अच्छी है, न सेनिटेशन की हालत अच्छी है। रोड्स भी काफी खराब हैं, पार्कों की तरफ तो ध्यान ही नहीं दिया जाता।

मैं इनमें से दो बातों की ओर खासतौर पर ध्यान दिलाना चाहूंगा । इनमें से एक तो सेनिटेशन है और दूसरा वाटर सप्लाई है जिनकी तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा। मुझे यह बात कहते हुए लज्जा जरूर आ रही है, लेकिन मैं कहने से परहेज भी नहीं कर सकता । चव्हाण, साहब, अगर आप न गये हो तो किसी वक्त सुबह गाड़ी से दिल्ली से बाहर जाइये तो आपको अन्दाजा लग जाएगा कि क्या हालत है। मुझे बहुत साल तक बाई कार रोड से दिल्ली से मथुरा जाने का परसनल अनुभव है । मेरा बिजनेस ऐसा था कि मुझे जाना पड़ता था और सुबह जाना पड़ता था। मेरे साथ अक्सर विदेशी गेस्ट्स भी होते थे। कुछ बिजनेस इस किस्म का था कि एक्सपोर्ट करता था । जब तक हम दिल्ली क्रोस नहीं कर पाते थे तब तक आंखें ऊपर नहीं उठा पाते थे , आंखे नीची रखनी पड़ती थी, मजबूरी थी । आप मेरी बात को समझ गये होंगे । मैं इससे ज्यादा कहने की जरूरत नहीं समझता। इसमें विदेशी की बात नहीं है । कभी-कभी औरतें और बच्चे भी साथ होते थे और जितनी शर्म उस वक्त आती है, शायद मैं तो कह सकता हूं कि जिन्दगी में ऐसी बात कभी हुई हो।

दूसरी बात मैं पानी की कहना चाहता हूं । आज दिल्ली की कालोनीज में पानी इतना कम है कि शायद हिन्दुस्तान के किसी शहर में ऐसा न हो। मुझे लम्बे अर्से

तक एक दफा इंग्लैण्ड में, लन्दन में, रहने का मौका मिला और तीन-चार महीने तक न्युयार्क में भी रहने का मौका मिला। एक सेकेन्ड के लिए भी वहां कभी बिजली आफ नहीं हुई और एक सेकेन्ड के लिए भी पानी का प्रेशर कम नहीं हुआ। लेकिन दिल्ली की क्या हालत है? मैं दो तीन साल पहले की तरफ ध्यान दिलाना चाहूंगा। हमको हरियाणा सरकार से रिक्वेस्ट करनी पड़ी कि अपना पानी छोड़ दीजिए। अगर वे पानी नहीं छोड़ते तो दिल्ली की क्या हालत होती, इसका आप खुद अन्दाजा लगा सकते हैं। मैं नहीं कहता कि हरियाणा दिल्ली के साथ स्टेप मदरली ट्रीटमेंट कर रहा है। किसी वक्त खुदा न करे कि अगर ऐसा हुआ तो दिल्ली की क्या स्थिति होगी, इसका अन्दाजा हम नहीं लगा सकते हैं। दिल्ली अपने आप में, वैसे मैं कहूंगा कि सारे हिन्दुस्तान में, ऐसी होनी चाहिए जिसमें सारी एमीनिटीज मिलनी चाहिए, लेकिन फर्स्ट इम्प्रेशन इज दी लास्ट इम्प्रेशन भी कहा जाता है, जो हमारे विदेशी यहां आते हैं या दूसरे हिस्सों से दिल्ली में आते हैं उन्हें ऐसा इम्प्रेशन मिले कि हमारे हिन्दुस्तान की केपिटल किसी तरह से भी दुनिया की किसी केपिटल से कम नहीं है। यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। इसकी तरफ ध्यान दिया जाय तो दिल्ली दुनिया की सब से अच्छी केपिटल बन सकती है। इस पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। मैं कोई सजेशन नहीं देना चाहता हूं, लेकिन पासिंग रेफरेन्स करना चाहता हूं कि सेन्ट्रल मिनिस्ट्री का दिल्ली के लिए कोई स्पेशल आदमी डिपूट कर दिया जाय जो पोलिटिकल परसन हो, ब्यूरोक्रेट तो होंगे, तो सुधार जल्दी और अच्छा हो सकता है। मैं चाहता हूं कि इसकी तरफ ध्यान दिया जाय।

मैं लम्बी बात न करते हुये सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि ग्रांटस तो आप बहुत देते हैं और देते भी रहेंगे, दिल्ली के अन्दर जो बहुत-सी अन्डरटेकिंग्ज हैं, जिनका मैंने जिक्र किया है उनमें करप्शन बहुत है और करप्शन इस हद तक है कि शायद आप अंदाजा नहीं लगा सकते हैं। जो पी०डब्ल्यू०डी० है, उसके बिल जब पास होते हैं तो उसमें से 25 परसेंट तो दफ्तर में ही बंट जाता है। अगर आप चाहें तो मैं उसका डिटेल भी दे सकता हूं। आधा परसेंट से लेकर दो, ढाई परसेंट तक तो आपस में बंट जाता है और कुछ अफसरों को मिल जाता है। अगर यह हालत यहां पर होगी तो जो रुपया यहां से सेंक्शन किया जाता है उसका इस्तेमाल नहीं होता है। कुछ तो अफसर खा जाते हैं और बाकी ठेकेदार हेराफेरी कर लेते हैं। ठेकेदार कम सीमेंट लगाते हैं, सब-स्टेंडर्ड मेटिरियल लगाते हैं। उससे अगली बात की तरफ इस वक्त मैं नहीं जाता हूं। लेकिन कोई न कोई ढंग इस किस्म का यहां पर अपनाया जाय जो एक्जाक्टली हो और यहां का काम ठीक ढंग से, अच्छे ढंग से हो सके। दिल्ली के अन्दर सी लिंग तो है ही, सर्टेन बाई-लाज हैं जिनके मुताबिक कोई बिल्डिंग बनाई जा सकती है। लेकिन अगर मैं यह कहूं, मैं सब इलाकों का नाम नहीं लूंगा, लेकिन दिल्ली के करोल बाग इलाके को ले लीजिये। वहां पर जो प्लांट आज से दो साल पहले 10 लाख, 20 लाख रुपये का भी नही था, वह आज 2–4 करोड़ का है। इसका रीजन बहुत सिम्पल है। वहां पर कोई रोकने वाला नहीं है। आज जहां ढाई मंजिल से ज्यादा नहीं बन सकते, बेस मेंट नहीं बन सकते, जहां बेसमेंट 75 परसेंट बनाना है उससे ज्यादा नहीं बन सकते वहां लोग समझते हैं कि ऊपर की जमीन तो गजों में नापी हुई है लेकिन नीचे जितना चाहे बेसमेंट बना लो, मंजिलें जितनी चाहो बना लो। उन मंजिलों को बनाने के लिये म्युनिस्पल कारपोरेशन आफ दिल्ली के रेट फिक्स हैं। जो दो सौ, ढाई सौ गज के प्लाट हैं, एक लाख रुपया ऊपर की छत का, रूफ का दे दीजिये तो आप चाहे बारह छतें बना लीजिये और कोई तोड़ी नहीं जाती। वहां पर इंसपेक्टर क्या करते हैं, वहां पर जे०ई० क्या करते हैं वहां पर एक्ज्यूकेटिव इंजीनियर क्या करते हैं, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर क्या करते हैं? महोदय, मैं राज्य सभा की हाउस कमेटी

[श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल]

का दो साल चेयरमैन रहा । अगर मैं यह शब्द इस्तेमाल करूं कि मैं सर पटक कर मर गया पर मेरे अपने घर में, जिसमें मैं रहता हूं, आफिशियल बंगले के अन्दर व्हाइट वाशिंग टीक नहीं करा पाया । जब यह बात है तो मुझे किसी दूसरे के बारे में क्या कहना । मैंने वहां पर यह रेज किया, हाउस कमेटी के चेयरमैन के नाते कि जिस घर में, जिस किसी एम०पी के घर में या बंगले के अन्दर कलई या व्हाइट वाशिंग की जायेगी, जब तक उसके सस्टिस्फैक्शन का आपको सर्टिफिकेट न मिले, तब तक आप पेमेंट न हो। दो साल में उसको पास करवाना तो दूर रहा मैं उसको आगे नहीं चला सका क्योंकि ब्यूरोक्रेसी ने उसको आगे नहीं बढने नहीं दिया। आज आप किसी भी बंगले में इंस्पेक्शन करवा लीजिये, सब-स्टेंडर्ड मैटीरियल लगा हुआ है । इस वक्त हमारा यह सबजेक्ट नहीं है लेकिन ये बातें इसलिये मैं आपके ध्यान में ला रहा हूं क्योंकि हम एकड़ों के बैंगलों में रहते हैं। जिन बंगलों में हम रहते हैं अगर उनकी कीमत लगायी जाये तो वह करोड़ों रुपये की जायदाद है । लेकिन ये जो बंगले हैं ये आउट-डेटेड हैं ही साथ ही उनका मेंटेनेंस भी पुवर है । आनरेबल मेंबर आफ पार्लियामेंट जिन घरों में रहते हैं, वह उनके रहने लायक नहीं हैं । इसके कारण यहां पर करप्शन है ।

महोदय, मैं एक दो छोटी-छोटी बातें कहकर, अपनी बात खत्म करूंगा । आपने दिल्ली के अन्दर असेंबली दी । उसमें एम०एल०ए० चुनकर आयेंगे । जब एम० एल०ए० चुनकर आ गये तो, शायद आपने इंगित किया है लोक सभा में या कहीं और जगह पर कि आप पांडिचेरी में जो एम०एल०ए० हैं उनको प्रेसीडेंट आफ इंडिया का जब इलेक्शन होगा तो उनको वोटिंग राइट होगा । मैं चाहता हूं कि यह यहां पर भी इनकारपोरेट कर लिया जाना चाहिये और यहां के एम० एल० ए० को भी प्रेसीडट आफ इंडिया के इलेक्शन में वोटिंग राइट होना चाहिये । बाकायदा जैसे और स्टेट असेंम्बली में मेंबर्स को वोट डालने का अधिकार है, वैसा ही इनको भी अधिकार दिया जाय ।

एक बात और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा । अभी अफजल साहब ने डीलिमिटेशन की बात कही । डीलिमिटेशन 1991 की सेंसस के अनुसार होना चाहिये । मुझे पता चला है बुरा नहीं मानेंगे, बी०जे०पी० का यह स्टैंड है कि 1981 की सेंसस का मानकर डीलिमिटेशन किया जाये । मैं अपने बी०जे०पी० के आनरेबुल कुलीग से यह कहूंगा कि हमें आगे की बात करनी चाहिये, हमें पीछे नहीं जाना चाहिये ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: हम एग्री करते हैं ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : अगर एग्री करते हैं तो ठीक है । हम डीलिमिटेशन अगर 1981 के बेसिस पर करेंगे तो दैट विल नाट बी ए रियल डीलिमिटेशन ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: हम मान गये हैं । ... **(व्यवधान)** ... हम नहीं चाहते कि इसका बहाना बनाकर चुनाव में देर की जाये । इसके बहाने चुनाव में देर नहीं होनी चाहिये

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : मैं चव्हाण साहब आनरेबुल होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि लोगों का ख्याल है कि जहां डीलिमिटेशन होता है वहां पर 23 साल लग जाते हैं और उन सालों की वजह से कहीं जो इलेक्शन आपने 6–8 महीने के बाद करने का कहा है वह आगे न हो जाये । यह काम फास्ट स्पीड पर जल्दी करवा कर इमीडियेटली डिलिमिटेशन करवा ली जाये, जरूर करवा ली जाये, इलेक्शन से पहले करवा ली जाये और 1991 के सेंसस के मुताबिक करवा ली जाय लेकिन इसको लेट नहीं किया जाना चाहिये । मैं समझता हूं कि आप अपनी बात को आनर करते हैं । जैसे पंजाब के लिये आप इतनी कोशिश कर रहे

हैं । 15 फरवरी जरूर कहा गया है लेकिन उसके पहले चुनाव करवाने की आपकी कोशिश है । इसी तरह 6–8 महीने की बात आपने जरूर कही है लेकिन इसको जितनी जल्दी करवा लें तो उतना अच्छा है क्योंकि आज स्थिति यह है कि जैसे दिल्ली में किसी का राज नहीं है, कोई पूछने वाला नहीं है इस स्थिति को समाप्त करने के लिये, रेमेडी के लिये जरूरी है कि यहां पर जल्दी से जल्दी असेम्बली बनाई जाये । डिलिमिटेशन के सिलसिले में मैं एक बात और कहना चाहूंगा । किसी वक्त में दिल्ली सिर्फ चांदनी चौक दिल्ली थी । जब दिल्ली कहा जाता था तो इसका मतलब था चांदनी चौक । चांदनी चौक भी अपने टाइम में वेल प्लांड था । जैसे आज है वैसे नहीं था, सिकन्दर बख्त साहब बैठे हैं । लेकिन आज रूरल दिल्ली भी है, अरबन दिल्ली भी है । रूरल दिल्ली की अपनी समस्यायें हैं और अरबन दिल्ली की अपनी समस्यायें हैं । जब डिलिमिटेशन करना हो तो झुग्गी झौपड़ी और स्लम्स को भी हटाना होगा । आज की तारीख में चाहे वह कांग्रेस का एम०पी० हो या बी०जे० पी० का एम०पी० हो या जनता दल का एम०पी० हो वह अपने इलाके में झुग्गियां बसवाता है और इसलिये बसवाता है कि एक बहुत बड़ी चार पांच सौ गज की कोठी हो तो उसमें से दो वोट निकलते हैं, वह भी धकेल कर के निकालने पड़ते हैं लेकिन एक झुग्गी में 8–10 वोट निकलते हैं, बड़ी आसानी से निकलते हैं, बड़े आराम से निकलते हैं । इसलिये वह वहां से झुग्गियां नहीं हटने देते हैं, झुग्गियां वहीं रहती है । उसका क्या नुकसान हो रहा है कि

Delhi is fast becoming a slum

उनको किसी भी ढंग से उठाकर के बाहर भेज दिया जाये । सवाल इस बात का नहीं कि कांग्रेस जीतेगी या हारेगी, बी०जे०पी० जीतेगी या हारेगी, सवाल यह है कि दिल्ली को सुन्दर कैसे बनाया जाये । इसलिये डिलिमिटेशन करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये खास तौर से रूरल और अरबन एरियाज के जो इंट्रेस्ट हैं उनको पूरी तरह से वाच किया जाय । डिलिमिटेशन के अन्दर पोलिटिकल पार्टीज इस बात की कोशिश करेंगी कि ऐसे ढंग से कांस्टीट्युंसीज बनाई जायें जिससे मैं अपने इलाके में जीत जाऊं बाकी चाहे भाड़ में चले जायें । इन शब्दों के साथ, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं । मुझे बड़ी खुशी है कि मंत्री जी यह बिल लाये हैं ।

श्री राम नरेश यादव : (उत्तर प्रदेश) : झुग्गी झोंपड़ी वालों को रिहेबिलिटेट करने के लिये भी कहिये न ।

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : उजाड़ने का मेरा बिलकुल मतलब नहीं है, मेरा मतलब यह है कि झुग्गी झोंपड़ी वालों को यदि उठा कर बाहर ले जायें तो उनको रिहेबिलिटेट किया जाये । इसके साथ एक और बात भी मैं कहना चाहता हूं कि अगर आज एक इलाके में सौ झुग्गियां हैं तो वहां सवा सौ झुग्गियां क्यों हो जाती हैं । जिस इलाके में झुग्गियां हैं अगर उस इलाके में सौ झुग्गियों से एक सौ एक झुग्गियां हो जाती हैं तो उस इलाके के इंस्पेक्टर को कहा जाय कि यदि ऐसा हुआ तो तुम्हारी खाल उधेड़ दी जायेगी । इस लिये यह बहुत जरूरी है कि झुग्गियां न बढ़े और उनको रिहेबिलिटेट किया जाये । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Hon. Members, there are about 12 speakers listed on the Bill and about 65 amendments. So, looking at the clock it does appear that we will be crossing. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAM AWADESH SINGH (Bihar): It will go upto 12 o'clock.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Are you willing to sit?

SHRI RAM AWADESH SINGH: Yes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): That is all right. (*Interruptions*)...

[Shri Bhaskar Annaji Masodkar]

I just want to have the sensse of the House. If we are going to work beyand 8 o'clock... (*Interruptions*) ...

श्री राम अवधेश सिंह: यह सदन रात के ढाई बजे तक बहस करता रहा है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Just listen. If we are going to work beyond 8 o'clock some arrangements will have to be made for dinner because it is an important occasion that we are giving a new status to Delhi. I will have to request the Government. .. (*Interruptions*) ...

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI S. B. CHAVAN): I don't think it will go beyond 8 o'clock.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): If it is going beyond 8 o'clock, the Government will have to be requested.

SHRI S. B. CHAVAN: We can make arrangements. First we will complete the business and then we will go for dinner.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): It is for the House to accept what the Leader of the House is saying.

SHRI ASHIS SEN (West Bengal): Thank you for giving me an opportunity to speak. We are happy that after a long period the aspirations and demands of the democratic people of Delhi have gone to the ears of the administrators. A demand which was raised by all sections of the people of Delhi, our party has had a dream about it. They have been agitating for it for long. Successive Governments have given assurances. For several years there was no Government elected by the people of Delhi for the purpose of Delhi. Now that aspiration is likely to be fulfilled. What I feel is that the powers that have been given in the Bill to the Lieutenant Governor are disproportionate to the powers that should normally come to an elected body of the State that is going to be constituted. If that be so, there will be duality, there will be conflict as to who should exercise more economic powers as far as the administration is concerned. That is why we feel that the elected body should be given more power than the appointed Lieutenant Governor. Another point that comes to our mind is, 70 seats have been decided for the Assembly to be elected. This, I feel, is not proportionate to the population that the city of Delhi has got over a period of years. If proportion of population and constituencies in a number of cities of other States is done, then my rough calculation indicates that Delhi should have nearly 85 Assembly seats. So, I request that this part of the Bill which is being brought about may be amended and that 70 may be raised to 85 or so, so that the people of Delhi can get their proportional representation, because over the years it has gone up. For the purpose of voting rights, it should be the determining factor. There is some hesitation in the Bill to say that the 1991 census will be the basis for the electoral roll. I think the Government should not have a double mind on that question. Having brought this issue, all sections of the House will be giving greetings to the Government. Let the 1991 census be adopted as the basis for the elections of Delhi. I want that this small amendment may be done. With this, I, on behalf of my party, welcome the Bill.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन विधेयक, 1991 का समर्थन करने के लिये मैं खड़ा हुआ हूं।

महोदय, दिल्ली एक ऐतिहासिक राजधानी है। कितनी बार बनी और कितनी बार उजड़ी। 1646 के पहले यह सात बार बनी और सात बार

उजड़ी ; उपसभाध्यक्ष महोदय, आज से 80 साल पहले 12 दिसम्बर, यही दिसम्बर का महीना था, 1911 को ब्रिटिश किंग जार्ज फिफथ और क्वीन मेरी यहां पर आये और उन्होंने इस 6.00 P.M. शहर को बसाया । यहां से राजधानी वापिस ले जाने के लिये और वापिस ले आने के लिये कई फैसले हुए । पर जब से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की यहां राजधानी बनाई गई, तब से यह बिन चला आया और जब से हमारा देश आजाद हुआ, यह पक्की तौर पर हमारी राष्ट्रीय राजधानी बन गई ।

समय-समय पर लोगों ने हर तरह के विचार उछाले, पर हर चीजों को मद्देनजर रख कर यह राष्ट्र की राजधानी बनी रही । उपसभाध्यक्ष जी, दिल्ली एक ऐसा शहर है, जहां कोई भी भारतीय नागरिक आकर गर्व महसूस करता है और कोई भी विदेशी आकर सारे भारत को एक स्थान पर पाता है । यहां ऐसी कालोनीज हैं, ऐसे नगर हैं, ऐसी बस्तियां हैं जहां भारत का एक एक रूप, भारत का एक-एक राज्य पनप रहे है और एक-एक राज्य वहां सामने राज्य का रूप देने जा रहे हैं और उस राज्य को रूप देने के लिये यह विधेयक लाया गया है । मुझे याद आता है, उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक ऐसे संप्रदाय से आता हूं, जिस संप्रदाय की बहुत बड़ी कुर्बानी दिल्ली शहर के साथ जुड़ी हुई है, भारत माता की संस्कृति के साथ जुड़ी हुई है ।

लाल किले के सामने खड़े होकर जब सीस गंज की मीनार दिखाई देती है, तो गुरू तेग बहादुर की याद आती है और उस गुरू तेग बहादुर की याद के साथ-साथ हमारे पूर्व पुरुषों का बनाया हुआ संविधान याद आता है जिसके माध्यम से हमें धारा 25 मिली हुई है और यह गुरू तेग बहादुर की कुर्बानी की एक निशानी है, जिसके माध्यम से हमें मौलिक अधिकार, अपने धर्म का पालन करना, अपने धर्म का प्रचार करना और हमारे धर्म को संजो कर रखना, इसका अधिकार मिलता है ।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं बहुत लम्बे इतिहास में न जाते हुये, इस बिल पर आता हूं । विधेयक के खंड 3 के भाग 2 में निर्वाचन क्षेत्रों के विभाजित करने की बात कही गई है—डीलिमिटेशन । यह विभाजन 1991 की जनसंख्या के आधार पर होगा । परन्तु महोदय, संविधान के अनुच्छेद 170 के अधीन निर्वाचित क्षेत्रों, राज्यों के विभाजन के लिये सन् 2000 ई० तक 1971 की जनगणना के आंकड़ों को फ्रीज किया गया है, यानी डीलिमिटेशन के लिये 1971 के आंकड़े सन 2000 वैध होंगे, लेकिन दिल्ली के लिये आंकड़े 1991 के रखे जायें, यह संविधान के दो अनुच्छेदों के समान नहीं रहने देगा ।

क्या सरकार ने इसकी जांच कर ली है ? यदि न्यायालय में इस विरोधाभास की चुनौती दी जायेगी, तो उस दशा में सरकार क्या करेगी?

दिल्ली से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार दिल्ली की विधान सभा को संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सेकी की एंट्री (1) लोक सेवा व्यवस्था, (2) पुलिस, और (18) भूमि के बारे में कानून नहीं बना सकेगी तथा इससे संबंधित अपराध विरुद्ध अपराध तथा उच्च तथा अन्य न्यायालयों तथा यहां की फीस के बारे में भी कानून नहीं बना सकेगी ।

इस प्रकार विधान सभा के पास कानून बनाने के लिये क्या रह जायेगा ? तथा इन विषयों से संबंधित विभाग किसके पास रहेंगे—केन्द्रीय सरकार के पास या राज्य सरकार के पास रहेंगे, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा?

महोदय, इस विधेयक के अनुसार दिल्ली के मुख्य मंत्री तथा अन्य मंत्री भारत के राष्ट्रपति जी द्वारा नियुक्त किये जायेंगे । तथा वह अपने पदम पर राष्ट्रपति की इच्छा से बने रहने तक रह पायेंगे । यहां उप-राज्यपाल को इस अधिकार से वंचित रखने का क्या कारण है? अगर उप-राज्यपाल को

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

यह अधिकार नहीं देना था तो उप-राज्यपाल का पद रखा ही क्यों ? राष्ट्रपति केन्द्र में मंत्रिमंडल की सलाह मानने को बाध्य हैं, पर दिल्ली तथा केन्द्र में विपरीत सरकार स्थापित अगर हो गई तो उस परिप्रेक्ष्य में दिल्ली की सरकार जो भी बात कहना चाहेगी और केन्द्र में दूसरी सरकार होगी तो अगर समन्वय नहीं होगा तो दिल्ली सरकार का प्रकाश था दिल्ली का विकास कैसे होगा ? अगर दो सरकारें दो जगह होंगी ? तो आप दिल्ली राज्य को पूरे अधिकार नहीं दे रहे हैं दिल्ली में केन्द्रीय कानून के तहत दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण कार्यरत हैं। इनकी व्यवस्था के बारे में यह विधेयक खामोश है; उपसभाध्यक्ष महोदय; इसके बारे में क्या विचार है? क्या दिल्ली की विधान सभा इनसे संबंधित कानूनों में परिवर्तन कर सकेगी ? अगर नहीं कर सकेगी तो क्यों ।

श्री आर० के० धवन (आंध्र प्रदेश) :

यह तो स्टेट गवर्नमेंट डिसाइड करेगी। The Council of Ministers will decide.

SHRI S. S. AHLUWALIA: The Council of Ministers will have to discuss with the Home Minister.

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : अहलुवालिया जी, you know the time is running out.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : केन्द्र सरकार वर्तमान में जो दूध, परिवहन, खाद्य पदार्थ आदि में दिल्ली में लोगों को सबसिडी दे रही है, क्या उसका खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी या केन्द्र सरकार से ही मिलता रहेगा, यह बताने की कृपा करेंगे ?

उसके साथ,साथ; उपसभाध्यक्ष महोदय; बड़े अफसोस की बात है कि हम दिल्ली में राजभाषा के बारे में बहुत प्रचार करते हैं और हमारे केन्द्रीय गृह मंत्री राजभाषा परिषद के अध्यक्ष हैं'

श्री एस०बी० चव्हाण : अभी तो नहीं.. **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उनके तहत, उनके गृह विभाग के तहत ही राजभाषा का विभाग चलता है इसमें 35 धारा के "ग" म आदेश नियम, विनियम और उपविधि विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन निकाले गये उन सभी के प्राधिकृत पाठ अंग्रेजी में होंगे । उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें विरोध है । अंग्रेजी भाषा में क्यों होंगे ? हमारे देश की राजभाषा, राजभाषा, हिन्दी है और दिल्ली शहर एक ऐसा शहर है जहां मान्यता प्राप्त है । दिल्ली में हिन्दी, उर्दू, गुरुमुखी और अंग्रेजी, अंग्रेजी का नाम चौथा आता है, पर यहां अंग्रेजी को मान्यता एक नम्बर पर दी गई है और दूसरी मान्यता किसी की है ही नहीं । मैं इसका विरोध करता हूं, इस जगह; उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे मांग करता हूं कि सरकार को इस पर गौर फर्माने की जरूरत है । दिल्ली में आप राजधानी का एक विधेयक ला रहे हैं और आप अपनी राष्ट्रभाषा को ही भूले जा रहे हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please conclude.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं यह कहता हुआ अपना विरोधाभास भी प्रकट करता हूं इस बारे में, पर मैं इस विधेयक का इसलिये समर्थन करता हूं... **(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज : फिर विरोधाभास क्यों, विरोध प्रकट करते हो।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : इसलिये मैं इसका समर्थन कर रहा हूं कि लोक सभा का सदन उठ गया है और मैं, इस विधेयक को लंबित नहीं करना चाहता, पर मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करूंगा और मैं समझता हूं कि इस सदन के स भी सदस्य

इसका समर्थन करेंगे कि राष्ट्रभाषा हिन्दी ही होनी चाहिये ।

धन्यवाद ।

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहब, जिन्दगी एक अजीबोगरीब चीज है । उसका लाजिक से, मंतिक से कोई संबंध नहीं है । सियासत इस सिलसिले में और भी ज्यादा उलझी हुई है । बुलअजबी यह है, विडंबना यह है कि मैं इस बेदस्तोपा बिल की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं । I have taken the floor to support a limp Bill.

मैं अगर बिल के एक-एक क्लाज को लेकर बात शुरू करूं तो बात बहुत लंबी होगी और मुझे बहुत ज्यादा अपनी आवाज सुनने का शौक नहीं है । सदर साहब, मैं कुछ बुनियादी चीजों की तरफ तवज्जो दिलाना चाहता हूं । हो सकता है कि यह समझा जाय कि मैं मौजू से हट गया हूं । मुझे खुशी है कि हंसपाल जी वापिस हाउस में आ गये हैं क्योंकि उन्होंने फरमाया था कि हम अतीत में जाने की बहुत कोशिश करते हैं । मेरी गुजारिश यह है कि अगर हम आगे जाने के लिये कदम उठाने शुरू करें, मुस्तकबिल की तरफ जाने के लिये और अतीत पर हमारी नजर न हो तो हमारे कदम की दिशा क्या होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है । मैं, जैसा कि अर्ज किया कुछ बुनियादी बातों की तरफ तवज्जो दिलाना चाहता हूं आम तौर पर इस फैशननेबल स्वीपिंग रिमार्क में कभी नहीं पड़ना चाहता जो कि ब्यूरोक्रेसी के बारे में आम तौर पर लगाया जाता है, लेकिन मुझको दुख और दर्द है कि एक जेहन बना दिया गया है 45 सालों में कि दिल्ली में दो सरकारें हैं, इसलिये दिल्ली को पूरी स्टेट का दर्जा नहीं दिया जा सकता । हमारे अजीज दोस्त अभी जिक्र कर रहे थे कि यह होगा कि तो कामयाबी के साथ केन्द्रीय सरकार फलां काम नहीं कर सकेगी । जिस चीज को सामने रखकर अहलुवालिया साहब ने बात कही है, वह रिश्ता तो केन्द्र का हर सूबे से, हर प्रांत की सरकार से है । सिर्फ इसलिये है कि केन्द्रीय सरकार के दफ्तर दिल्ली में स्थित हैं । इस लिये यहां दो सरकारों का जिक्र किया जा रहा है । मुझे अफसोस है कि इस जिक्र को दलील बनाने का सबसे बड़ा गुनाह, दलील बनाने की शिकायत मैं सिर्फ ब्यूरोक्रेसी के संबंध में कर सकता हूं । कोई मायने नहीं हैं, मैं उन तफसीलात में जाऊंगा तो सुबह हो जाएगी जिन तफसीलात का जिक्र एक-एक चीज को लेकर हंसपाल जी कर रहे थे । दिल्ली तो तबाह है इस वक्त । इसमें सबसे बड़ा गुनाह जो किया गया है, यह दो सरकारों के तसब्बुर का गुनाह जो है; यह क्या है कि आप अरसे से दिल्ली के लोगों को फ्रेंचाइज के हक से वंचित रत्न रख रहे हैं । आप हिंदुस्तान के आईन के खिलाफ जाकर दिल्ली वालों से दिल्ली का हक छीनते रहे हैं । दिल्ली वालों को राय देने का हक नहीं है । दिल्ली वालों को मेट्रोपोलिटन कांउसिल आपने दी, कोई मतलब ही नहीं था । एक डिबेटिंग सोसायटी था । वह आप से पहले कोई कानून बनाते थे, आप यहां कानून बना लेते थे, बजट आप यहां पास करते थे, आपके यहां पास करने से पहले वह बजट पर बहस करते थे और जो कुछ आप करते थे, उसका उस बहस से कोई ताल्लुक नहीं होता था । सब कुछ उल्टा था । यह बिल भी दिल्ली वालों को मुकम्मल फ्रेंचाइज का हक नहीं दे रहा है और यह गैर-आईनी बात है । It is unconstitutional.

आज भी इस बिल के अन्दर जिक्र नहीं है कि दिल्ली की एसेंबली पर उनको हक होगा । हिन्दुस्तान के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के इलेक्टोरल कालिज में हिस्सा लेने का; उनका कोई वोट नहीं है । यह जो बदकिस्मती है; मैं शिकायत कर रहा हूं कि 45 बरस से आपने दिल्ली को लटका कर रखा है और जिसके लिये कोई कोंजिट रीजन; कोई सबब आज तक कोई दे नहीं सका है । दो सरकारों की लाजिक मैं नहीं मानता । केन्द्रीय सरकार का रिश्ता दिल्ली से वही होना चाहिये; जो किसी

[श्री सिकन्दर बख्त]

भी सूबे की सरकार से है, किसी भी सूबे से है । यह दो सरकारों की लोजिक कहां से आकर मुस्तकि एक जगह हासिल कर चुकी है ? मैं जानता नहीं ।

एक बात, मुझे ख्याल नहीं इस वक्त शायद होम मिनिस्टर साहब के बयान में आई थी, जो कल बात हुई थी कि केन्द्र सरकार दिल्ली को इतना पैसा देती है, बगैरह-बगैरह, डवलपमेंट के काम रुकेंगे, फलां होगा, फलां होगा । बदकिस्मती है, पैसा देती है तो देना चाहिये, देने के बाद दिल्ली के लोगों की अख्तियारात को खरीदा तो नहीं जा सकता । केन्द्र की सरकार पैसा हर सूबे को देती है तो क्या उसी तरीके से उन सूबों के लोगों को भी खरीदा जा सकता है, जिस किस्म की खरीद-दारी दिल्ली के लोगों के साथ की जा रही है ?

वाइस चेयरमेन साहब, दो-चार मोटी-मोटी बातें और कहूंगा । आपने मल्टीप्लिसिटि आफ अथोरिटीज का जिक्र किया है । तवज्जुह नहीं है सरकार की । केन्द्र सरकार के हाथ में मामला है और आज भी वर्षों के बाद यह लंगड़ी-लूली स्टेट असेम्बली दी गई है । इस अर्से में क्या किया गया है ? आपने मल्टीप्लिसिटि आफ अथोरिटीज का जिक्र किया है । एक सबजेक्ट पर डील करने वाली सात अथोरिटीज हैं । इनकी लाईन आफ डिमार्केशन कहीं है ही नहीं । जाकर आप किसी से पूछो कि तुम्हारा काम, कारोबार जमीनों से मुत्तलिक कहां खत्म होता है ? आप कारपोरेशन से पूछो – तुम्हारा कहां खतम होता है, कहां से शुरू होता है ? आप लेंड एंड डवलपमेंट के आफिस से पूछो– तुम्हारा कारोबार कहां शुरू होता है, कहां खतम होता है ? नई दिल्ली म्युनिसपल कमेटी, वगैरह-वगैरह से पूछो । जमीनों से मुत्तलिक हर काम में देरी की जिम्मेदारी उन तमाम तरकीबों से है, जिसको कि दिल्ली के ऊपर केन्द्र की सरकार लादती रही है ।

एक आर्गेनाइजेशन है आपकी अर्बन आर्टस कमीशन । बड़ी लंबी-लंबी बात की थीं उसमें, जब लाये थे उसको बिल बनाकर और एक्ट बनाया गया था । मगर अर्बन आर्टस कमीशन में कौनसे गैरमामूली काबलियत रखने वाले लोगों की नियुक्ति की गई? वही इंजीनियर्स, जो पी०डब्लू०डी० में हैं या दूसरे कारपोरेशन में हैं, उसी किस्म के इंजीनियर्स को वहां जाकर रख दिया । अर्बन आर्टस कमीशन का मकसद ही कुछ नहीं । अगर अर्बन आर्टस कमीशन में उस किस्म के इंजीनियर्स होते, जिस किस्म के इंजीनियर्स की काबलियत या जिस किस्म के इंजीनियर्स की क्वालिफिकेशन उन तमाम इंजीनियर्स से मुखतलिफ होती, जो दिल्ली की जमीनों से ताल्लुक रखने वाले किसी भी महकमें के पास हैं तो मैं समझता कि वाकई ये लोग कुछ नई बात बता सकते हैं, सिवा इसके कि रुकावटें रास्ते में पैदा की जायें ।

सदर साहब, लीज सिस्टम का अभी यहां हमारे एक अजीज साथी ने जिक्र किया कि बहुत अच्छा किया, जो आप ने जमीनों का मामला अपने पास रख लिया । जब यहां लीज सिस्टम इंटरोड्यूस किया गया था तो इसलिये किया गया था ताकि यहां के जो कलोनाइजर्स हैं, वे दिल्ली में जमीनों को डवलप कर दिल्ली के लोगों को एक्सप्लायट न करें, दिल्ली की जमीनों की कीमतें ऊपर न जायें । जमीनों की कीमतों को कंट्रोल करने के लिए लीज सिस्टम इंटरोड्यूस किया गया था । आज जमीनों की कीमतें कहां हैं ? किधर हैं आसमान को जा लगी हैं । आज तो यहां सोचना मुश्किल हो गया है कि दिल्ली के ग्रेटर कैलाश– है, में पर मीटर क्या कीमत है, उसका जिक्र भी करते हुए भयानक लगता है, अजीब सा लगता है । . . .

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : रूह काँप जाती है ।

श्री सिकन्दर बख्त : हां समझ में नहीं आता कि अगर एक गज जमीन 50-60 हजार रुपये खर्च करके दिल्ली में खरीदी जा सकती है तो केन्द्रीय सरकार जमीनों का कारोबार चलाने में कितनी कामयाब है ? सोचा नहीं जा सकता ।

अब यहां ब्यूरोक्रेसी की एक बात कर दूं । मेरा जो थोड़ा वक्त गुजरा यहां केन्द्र की सरकार में, 1977 और 1979 के बीच में, तो जो जिम्मेदारियां डाली गई थीं उन मंत्रालयों पर, जिस पर कारोबार देखने की जिम्मेदारी मुझ पर डाली गई थी उसमें । बहुत अच्छे सेक्रेटरीज थे, ईमानदार थे, एफिसियेंट थे, लेकिन जेहन में कुछ उसी ब्यूरोक्रेसी का यह था कि यह बेपढ़ा-लिखा आदमी आकर अपनी राय को हमारी राय के ऊपर इम्पोज करने का क्या हक रखता है और गरीब इमपर्टिनेंस और एरोगेंस है । लीज-सिस्टम के बारे में मैंने, हाऊसिंग मिनिस्टरी कहलाती थी उस वक्त और अब अर्बन मिनिस्टरी है, आफिसर्स खिलाफ थे कि लीज सिस्टम को खतम किया जाय, आफिसर्स की एक कमेटी बना दी । · · · मैंने कहा कि आप आजादी के साथ अपनी राय लायें । राय लेकर आ गये । मुखालिफत की कि लीज सिस्टम खत्म होगा तो दिल्ली वालों को रिवेन्यू का बड़ा नुकसान हो जायेगा । मैंने उनके कहे आरग्यूमेंटस को लिया और उनके खिलाफ दलील देकर और यह दलील खास तौर से दी कि लीज सिस्टम रिवेन्यू अर्न करने के लिये नहीं किया गया था, उसका केवल एक मकसद था कि दिल्ली में जमीनों की कीमत को कंट्रोल किया जाय । मैंने उस पर नोट चढ़ाया और सैकेटरी साहब को कहा कि आप कैबिनेट के लिये एक नोट बना लाइये, मैं शुरू करना चाहता हूं कि 300 गज और 300 गज से के नीचे की जमीनों की लीज को उठा दिया जाय । एक महीना गुजर गया, दो महीने गुजर गये । मैंने बुला कर सैक्रेटरी साहब से पूछा कि वह नोट कहां है ? उन्होंने कहा कि 'Sir, I am sorry I have sent the file to the Finance Ministry'. मैं खड़ा हो गया कि फाइनेंस मिनिस्टर का इससे ताल्लुक क्या है ? उसने कहा कि सर मैंने सोचा कि आपकी बदनामी न हो जाये । अब वह सैक्रेटरी साहब मेरी बदनामी और मेरी नेकनामी के मुहाफिज बन गये । ठेकेदार का लफ्ज जरा सख्त है, मैं मुहाफिज की बात करता हूं । मेहरबानी है, इतना भी सोचा उन्होंने, लेकिन ज्यादती थी । मैं यह बताना चाह रहा हूं कि यह जो जेहन है और फिर अब ब्यूरोक्रेटस से माफी मांगकर कहना चाहता हूं कि यह जो ब्यूरोक्रेटस ने जेहन बना रखा है कि अगर कहीं दिल्ली में असेम्बली बन गई तो दिल्ली के जिन-जिन एरियाज पर हमारी हुकूमत चल रही है, दिल्ली के जिन-जिन नागरिकों की गर्दन हमारे हाथ में है, वह गर्दन हमारे हाथ से निकल जायेगी । हालांकि मैंने यह कहा है कि गवर्नमेंट वही कामयाब है जिसके एरियाज आफ फंक्शन कम से कम हों वही एफिशियेंट गवर्नमेंट हो सकती है । तो वह लीज सिस्टम के बारे में जो मैंने कहा था, वह मेरा नोट खुदा जाने कहां गया, अब 12-13 बरस हो गये, उसका कहीं अता-पता नहीं है ।. . (समय की घंटी) . . मैं खत्म कर दूंगा, मेरे पास कोई ज्यादा कहने की बात नहीं है ।. . . (व्यवधान) . .

सदर साहब, मैं होम मिनिस्टर साहब की तवज्जो इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि मुझे ब्यूरोक्रेसी पर सियासी फैशन की सामने रखते हुये कोई इल्जाम नहीं लगाना, लेकिन यह बात है कि ब्यूरोक्रेसी ने हिन्दुस्तान में, दिल्ली में, चाहे केन्द्र में किसी की भी सरकार हो, केन्द्र की सरकार के जहन को गलत रास्ते पर डालकर और इतना ज्यादा गलत रास्ते पर डाल दिया है कि आज

[श्री सिकन्दर बख्त]

यह बात दलील बन गई है कि दिल्ली में दो सरकारें नहीं हो सकतीं। बुनियादी बात की तरफ किसी की तवज्जो जाती ही नहीं कि इन 45 सालों में कितने अरसे तक दिल्ली के लोगों का यह फ्रीनचाइज का हक छीने रखा? मैट्रोपोलिटिन काउंसिल दी तो लंगड़ी दी, कोई मतलब नहीं। दिल्ली के लोगों को कोई फ्रीनचाइज का हक नहीं मिला। दिल्ली वाले अपने फाइनेंस पर बहस करने का हक नहीं रखते थे। मैं इसको बहुत लंबा कर सकता हूं, लेकिन यह कहना चाहता हूं कि बुनियादी तौर पर दिल्ली को फुल-फलैज असेम्बली न देना, दिल्ली के लोगों को डिफ्रीनचाइज रखना उसकी साजिश है, क्षमा करें मैं साजिश शब्द का इस्तेमाल कर रहा हूं। सदर साहब, मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि 7 साल के बाद जितना लाये हैं वह भी बड़ी गनीमत है, लेकिन माफ कीजिये, होम मिनिस्टर साहब से माफी मांग रहा हूं, कुछ नहीं लाये हैं। दिल्ली वालों को जो मुकम्मिल हक मिलना चाहिये था, वह नहीं मिला है। इस बिल के एक-एक क्लाज को लेकर मैं कहां बातें करूं। अभी मेरे साथी कह रहे थे कि साहब जो हिन्दी का मामला अहलुवालिया साहब ने उठाया है, बदकिस्मती से हमने हिन्दी और अंग्रेजी को एक ऐसे दायरों में डाल दिया है। एक जमाने में यह कहा जा रहा था कि हिन्दी में बात इसलिये नहीं की जा सकती कि हमारे साउथ के रहने वाले लोग मुश्तबा हैं, इस शुबहे में हैं कि ये लोग अगर हिन्दी को डाल देंगे तो हमारा क्या होगा, जो दिल्ली में रहने वाले हैं? वह जहन बनाना गलत है। किसी को हाथ में हंटर लेकर किसी दूसरी जबान को किसी पर थोपने का हक नहीं है। लेकिन मैं यह अर्ज करूंगा, मोअद्बाना अर्ज करूंगा कि दिल्ली के फेडरल सैट-अप को अगर कायम रहना है तो इस फेडरल सैट-अप को बांधे रखने के लिये कोई एक बात हमारे राष्ट्रीय जीवन में आनी चाहिये और वह बांधे रखने की बात राष्ट्रभाषा है, हिन्दी है, उसको हम जितनी जल्दी पहचान लें, बेहतर है।

شری سکندر بخت "مدھیہ پردیش: صدر صاحب۔ زندگی ایک عجیب و غریب چیز ہے اس کا لوجک سے منطق سے کوئی سمبندھ نہیں ہے۔ سیاست اس سلسلہ میں اور بھی زیادہ الجھی ہوئی ہے۔ بوالعجبی یہ ہے۔ وڈمبنا یہ ہے کہ میں اس بے دست و پا بل کی تائید کرنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں)۔

I have taken the floor to support a limp Bill.

میں اگر بل کے ایک ایک کلاز کو لے کر بات شروع کروں تو بات بہت لمبی ہوگی اور مجھے بہت زیادہ اپنی آواز سننے کا شوق نہیں ہے۔ صدر صاحب میں کچھ بنیادی چیزوں کی طرف توجہ دلانا چاہتا ہوں۔ ہو سکتا ہے

[ ] Transliteration in Arabic Script.

صرف اس لیے ہے کہ کیندریہ سرکار کے دفتر دلّی میں استھت ہیں۔ اس لیے یہاں دو سرکاروں کا ذکر کیا جا رہا ہے۔ مجھے افسوس ہے کہ اس ذکر کو دلیل بنانے کا سب سے بڑا گناہ۔ دلیل بنانے کی شکایت میں صرف بیوروکریسی کے سمبندھ میں کر سکتا ہوں۔ کوئی معنی نہیں ہے۔ میں ان تفصیلات میں جاؤں گا تو صبح ہو جائیگی جن تفصیلات کا ذکر ایک ایک چیز کو لے کر ہنسپال جی کر رہے تھے۔ دلّی تو تباہ ہے اس وقت۔ اس میں سب سے بڑا گناہ جو کیا گیا ہے۔ یہ دو سرکاروں کے تصوّر کا گناہ جو ہے یہ کیا ہے کہ آپ عرصہ سے دلّی کے لوگوں کو فرینچائز کے حق سے وںچت رکھ رہے ہیں۔ آپ ہندوستان کے آئین کے خلاف جا کر دلّی والوں سے دلّی کا حق چھینے رہے ہیں۔ دلّی والوں کو رائے دینے کا حق نہیں ہے دلّی والوں کو میٹروپولیٹن کاؤنسل آپ نے دی۔ کوئی مطلب ہی نہیں تھا۔ ایک ڈبیٹنگ سوسائٹی تھی۔ وہ آپ سے پہلے کوئی قانون بناتے تھے۔ آپ یہاں قانون بنا لیتے تھے۔ بجٹ آپ یہاں پاس کرتے تھے۔ اس کا اس بجٹ سے کوئی تعلق نہیں ہوتا تھا۔ سب کچھ الٹا تھا۔ یہ بل بھی دلّی والوں کو مکمل فرینچائز کا حق نہیں دے رہا ہے اور یہ غیر آئینی بات ہے۔

It is unconstitutional.

کہ یہ سمجھا جائے کہ میں موضوع سے ہٹ گیا ہوں۔ مجھے خوشی ہے کہ ہنسپال جی واپس ہاؤس میں آ گئے ہیں۔ کیوں کہ انہوں نے فرمایا تھا کہ ہم اتیت میں جانے کی بہت کوشش کرتے ہیں میری گزارش یہ ہے کہ اگر ہم آگے جانے کے لئے قدم اٹھانے شروع کریں مستقبل کی طرف جانے کے لئے اور اتیت پر ہماری نظر نہ ہو تو ہمارے قدم کی دشا کیا ہوگی اس کا اندازہ لگانا مشکل ہے میں۔ جیسا کہ عرض کیا۔ کچھ بنیادی باتوں کی طرف توجہ دلانا چاہتا ہوں۔ میں عام طور پر اس فیشن ایبل سوپنگ ریمارک میں کبھی نہیں پڑنا چاہتا جو کہ بیوروکریسی کے بارے میں عام طور پر لگایا جاتا ہے لیکن مجھ کو دکھ اور درد ہے کہ ایک ذہن بنا دیا گیا ہے ۴۵ سالوں میں کہ دلی میں دو سرکاریں ہیں۔ اس لئے دلّی کو پوری اسٹیٹ کا درجہ نہیں دیا جا سکتا۔ ہمارے عزیز دوست ابھی ذکر کر رہے تھے کہ یہ ہوگا تو کامیابی کے ساتھ مرکزی سرکار فلاں کام نہیں کر سکے گی۔ جس چیز کو سامنے رکھ کر اہلووالیہ صاحب نے بات کہی ہے وہ رشتہ تو کیندر کا ہر صوبہ سے ہر پرانت کی سرکار سے ہے۔

ساتھ کی جا رہی ہے۔

وائس چیرمین صاحب۔ دو چار موٹی موٹی باتیں اور کہوں گا۔ آپ نے ملٹی پلسٹی آف اتھارٹیز کا ذکر کیا ہے۔ توجہ نہیں ہے سرکار کی۔ کیندر سرکار کے ہاتھ میں معاملہ ہے اور آج بھی ورشوں کے بعد یہ لنگڑی لولی اسٹیٹ اسمبلی دی گئی ہے۔ اس عرصہ میں کیا کیا گیا ہے۔ آپ نے ملٹی پلسٹی آف اتھارٹیز کا ذکر کیا ہے۔ ایک سبجیکٹ پر ڈیل کرنے والی سات اتھارٹیز ہیں۔ ان کی لائن آف ڈیمارکیشن کہیں ہے ہی نہیں۔ جا کر آپ کسی سے پوچھو کہ تمہارا کام۔ کاروبار زمینوں سے متعلق کہاں ختم ہوتا ہے۔ آپ کارپوریشن سے پوچھو۔ تمہارا کہاں ختم ہوتا ہے۔ کہاں سے شروع ہوتا ہے۔ آپ لینڈ اینڈ ڈویلپمنٹ کے آفس سے پوچھو۔ تمہارا کام کہاں شروع ہوتا ہے کہاں ختم ہوتا ہے۔ نئی دہلی میونسپل کمیٹی وغیرہ سے پوچھو۔ زمینوں سے متعلق ہر کام میں دیری کی ذمہ داری ان تمام ترکیبوں سے ہے جس کو کہ دلّی کے اوپر کیندر کی سرکار لادتی رہی ہے۔

ایک آرگنائزیشن ہے آپ کی اربن آرٹس کمیشن۔ بڑی لمبی لمبی باتیں کی تھیں اس میں۔ جب لائے تھے اس کو بل بنا کر اور ایکٹ بنایا گیا تھا۔ مگر اربن آرٹس کمیشن آج بھی اس بل کے اندر ذکر ہیں ہے کہ دلّی کی اسمبلی پر ان کو حق ہوگا۔ ہندوستان کے راشٹرپتی اور آپ راشٹرپتی کے ایکٹورل کالج میں حصّہ لیتے ہیں۔ ان کا کوئی ووٹ نہیں ہے یہ بڑی بدقسمتی ہے۔ میں شکایت کر رہا ہوں کہ ۴۵ برس سے آپ نے دلّی کو لٹکا کر رکھا ہے۔ اور جس کے لیے کوئی کوجسٹیفکیشن۔ کوئی سبب آج تک کوئی دے نہیں سکا ہے دو سرکاروں کی لوجیک میں نہیں مانتا۔

کیندریہ سرکار کا رشتہ دلّی سے وہی ہونا چاہیے جو کسی بھی صوبہ کی سرکار سے ہے۔ کسی بھی صوبے سے ہے۔ یہ دو سرکاروں کی لوجیک کہاں سے آ کر مستقل ایک جگہ حاصل کر چکی ہے میں جانتا نہیں۔

ایک بات مجھے خیال نہیں اس وقت۔ شاید ہوم منسٹر صاحب کے بیان میں آئی تھی جو کل بات ہوئی تھی کہ کیندریہ سرکار دلّی کو اتنا پیسہ دیتی ہے وغیرہ وغیرہ۔ ڈیولپمنٹ کے کام رکیں گے۔ فلاں ہوگا۔ فلاں ہوگا۔ بدقسمتی ہے پیسہ دیتی ہے تو دینا چاہیے۔ دینے کے بعد دلّی کے لوگوں کے اختیارات کو خریدا تو نہیں جا سکتا۔ کیندر کی سرکار پیسہ ہر صوبہ کو دیتی ہے تو کیا اسی طریقہ سے ان صوبہ کے لوگوں کو بھی خریدا جا سکتا ہے۔ جس قسم کی خریداری دلّی کے لوگوں کے

کہ دلّی کے گریٹر کیلاش ٹو میں پرمیٹر کیا قیمت ہے اس کا ذکر بھی کرتے ہوئے بھیانک لگتا ہے۔ عجیب سا لگتا ہے...

شری ستیہ پرکاش مالویہ: روح کانپ جاتی ہے۔

شری سکندر بخت: ہاں۔ سمجھ میں نہیں آتا ہے کہ اگر ایک گز زمین ۵۰۔ ۶۰ ہزار روپے خرچ کر کے دلّی میں خریدی جا سکتی ہے تو کیندریہ سرکار زمینوں کا کاروبار چلانے میں کتنی کامیاب ہے۔ سوچا نہیں جا سکتا۔

اب یہاں بیوروکریسی کی ایک بات کر دوں میرا جو تھوڑا وقت گذرا یہاں کیندر کی سرکار میں۔ ۱۹۷۷ اور ۱۹۷۹ کے بیچ میں۔ تو جو ذمہ داریاں ڈالی گئی تھیں ان منتراليوں پر جس پر کاروبار دیکھنے کی ذمہ داری مجھ پر ڈالی گئی تھی اس میں۔ بہت اچھے سکریٹریز تھے۔ ایماندار تھے۔ ایفی سی اینٹ تھے۔ لیکن ذہن میں کچھ اسی بیوروکریسی کا یہ تھا کہ یہ بے پڑھا لکھا آدمی اگر اپنی رائے کو ہماری رائے کے اوپر امپوز کرنے کا کیا حق رکھتا ہے اور غریب امپارٹی ننس اور ایروگینس ہے۔ لینڈ سسٹم کے بارے میں میں نے ہاؤسنگ منسٹری کہلاتی تھی اس وقت اور اب اربن منسٹری ہے۔ آفیسرس خلاف تھے کہ لینڈ سسٹم کو ختم کیا جائے۔ آفیسرس کی ایک میں کون سے غیر معمولی لیاقت رکھنے والے لوگوں کی نیوکلی کی گئی ہے۔ وہی انجینئرس جو پی۔ ڈبلیو۔ ڈی۔ میں ہیں یا دوسرے کارپوریشن میں ہیں۔ اسی قسم کے انجینئرس کو وہاں سے جا کر رکھ دیا گیا ہے۔ اربن آرٹس کمیشن کا مقصد ہی کچھ نہیں۔ اگر اربن آرٹس کمیشن میں اس قسم کے انجینئرس ہوتے جس قسم کے انجینئرس کی قابلیت یا جس قسم کے انجینئرس کی کوالیفیکیشن ان تمام انجینئرس سے مختلف ہوتی جو دلّی کی زمینوں سے تعلق رکھنے والے کسی بھی محکمہ کے پاس ہے تو میں سمجھتا کہ واقعی یہ لوگ کچھ نئی بات بتا سکتے ہیں سوائے اس کے کہ روکاوٹیں راستے میں پیدا کی جائیں۔

صدر صاحب۔ لینڈ سسٹم کا ابھی یہاں ہمارے ایک عزیز ساتھی نے ذکر کیا ہے بہت اچھا کیا جو آپ نے زمینوں کا معاملہ اپنے پاس رکھ لیا۔ جب یہاں لینڈ سسٹم انٹروڈیوس کیا گیا تھا تو اس لیے کیا گیا تھا تاکہ یہاں تک جو کونائزرس ہیں وہ دلّی میں زمینوں کو ڈیولپ کر کے دلّی کے لوگوں کو ایکسپلائٹ نہ کریں۔ دلّی کی زمینوں کی قیمتیں اوپر نہ جائیں زمینوں کی قیمتوں کو کنٹرول کرنے کے لیے لینڈ سسٹم انٹروڈیوس کیا گیا تھا۔ آج زمینوں کی قیمتیں کہاں ہیں۔ کدھر ہیں۔ آسمان کو جا لگی ہیں۔ آج تو یہاں سوچنا مشکل ہو گیا ہے

میں یہ بتانا چاہ رہا ہوں کہ یہ جو زمین ہے۔ اور پھر اب بیوروکریٹس سے بھی معافی مانگ کر کہنا چاہتا ہوں کہ یہ جو بیوروکریٹس نے ذہن بنا رکھا ہے کہ اگر کہیں دلّی میں اسمبلی بن گئی تو دلّی کے جن جن ایریاز پر ہماری حکومت چل رہی ہے دلّی کے جن جن ناگروں کی گردن ہمارے ہاتھ میں ہے۔ وہ گردن ہمارے ہاتھ سے نکل جائے گی۔ حالانکہ میں نے یہ سنا ہے کہ گورنمنٹ وہ ہی کامیاب ہے۔ جس کے ایریاز آف فنکشن کم سے کم ہیں۔ وہ ہی ایفیشیئٹ گورنمنٹ ہو سکتی ہے تو وہ لینز سسٹم کے بارے میں جو میں نے کہا تھا وہ میرا نوٹ خدا جانے کہاں گیا۔ اب بارہ تیرہ برس ہو گئے ہیں اس کا کہیں اتا پتا نہیں ہے۔ ..." وقت کی گھنٹی"... میں ختم کر دوں گا۔ میرے پاس کوئی زیادہ کہنے کی بات نہیں ہے... "مداخلت"...

صدر صاحبہ۔ میں ہوم منسٹر صاحب کی توجہ اس طرف دلانا چاہتا ہوں کہ مجھے بیوروکریسی پر سیاسی فیشن کو سامنے رکھتے ہوئے کوئی الزام نہیں لگانا۔ لیکن یہ بات ہے کہ بیوروکریسی نے ہندوستان میں۔ دلّی میں چاہے کیندر میں کسی کی بھی سرکار ہو۔ کیندر کی سرکار کے ذہن کو غلط راستہ پر ڈال کر اور اتنا زیادہ غلط راستہ پر ڈال دیا ہے

کمیٹی بنا دی... میں نے کہا کہ آپ آزادی کے ساتھ اپنی رائے لائیں۔ رائے لے کر آ گئے۔ مخالفت کی کہ لینز سسٹم ختم ہو گا تو دلّی والوں کو ریونیو کا بڑا نقصان ہو جائے گا۔ میں نے ان کے کہے آرگیومینٹس کو لیا اور انکے خلاف دلیل دے کر اور یہ دلیل خاص طور سے دی کہ لینز سسٹم ریونیو ارن کرنے کیلئے نہیں کیا گیا تھا۔ اس کا کیوں ایک مقصد تھا کہ دلّی میں زمینوں کی قیمت کو کنٹرول کیا جائے۔ میں نے اس پر نوٹ چڑھایا اور سکریٹری صاحب کو کہا کہ آپ کیبنٹ کے لیے ایک نوٹ بنا لائیے میں شروع کرنا چاہتا ہوں کہ ۳۰۰ گز اور ۳۰۰ گز کے نیچے کی زمینوں کی لیز کو اٹھا دیا جائے۔ ایک مہینہ گزر گیا۔ دو مہینے گزر گئے میں نے بلا کر سکریٹری صاحب سے پوچھا کہ وہ نوٹ کہاں ہے انہوں نے کہا کہ...

Sir, I am sorry I have sent the file to the Finance Ministry.

میں کھڑا ہو گیا کہ فائننس منسٹر کا اس سے تعلق کیا ہے اس نے کہا کہ سر۔ میں نے سوچا کہ آپ کی بدنامی نہ ہو جائے۔ اب وہ سکریٹری صاحب۔ میری بدنامی اور میری نیکنامی کے محافظ بن گئے۔ ٹھیکیدار کا لفظ ذرا سخت ہے۔ میں محافظ کی بات کہتا ہوں۔ مہربانی ہے اتنا بھی سوچا انہوں نے لیکن زیادتی کی،

کہ ہمارے ساؤتھ کے رہنے والے لوگ مشتبہ ہیں۔ اس شبہہ میں ہیں یہ لوگ اگر ہندی کو ڈال دیں گے تو ہمارا کیا ہوگا۔ جو دلّی میں رہنے والے ہیں۔ وہ ذہن بنانا غلط ہے۔ کسی کو ہاتھ میں ہنٹر لے کر کسی دوسری زبان کو کسی پر تھوپنے کا حق نہیں ہے۔ لیکن میں یہ عرض کروں گا۔ مؤدبانہ عرض کروں گا۔ کہ دلّی کے فیڈرل سیٹ اپ کو اگر قائم رکھنا ہے تو اس فیڈرل سیٹ اپ کو باندھے رکھنے کے لیے کوئی ایک بات ہمارے راشٹریہ جیون میں آنی چاہیے۔ اور وہ باندھے رکھنے کی بات راشٹر بھاشا ہے۔ ہندی ہے۔ اس کو ہم جتنی جلدی پہچان لیں۔ بہتر ہے۔

श्री छोटूभाई पटेल (गुजरात) मैं आपके माध्यम से एक गुजारिश करना चाहूंगा कि हाउस 9 बजे से ज्यादा चलने वाला हो तो, एम०पीज० के लिए नहीं कह रहा हूं, स्टाफ के लिए खाने का बंदोबस्त होना चाहिए। यह मेरी गुजारिश है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : सब होगा, प्लीज।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) भोजन की व्यवस्था मत करिये, देश में बहुत समस्यायें हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Now, Shri S. P. Malaviya.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय अपसभाध्यक्ष जी . . . (व्यवधान)

کہ آج یہ بات دلیل بن گئی ہے کہ دلّی میں دو سرکاریں نہیں ہوسکتیں۔ بنیادی بات کی طرف کسی کی توجہ جاتی ہی نہیں کہ ان پینتالیس سالوں میں کتنے عرصہ تک دلّی کے لوگوں کا یہ فرنچائز کا حق چھینے رکھا۔ میٹروپولیٹن کاؤنسل دی تو لنگڑی دی۔ کوئی مطلب نہیں دلّی کے لوگوں کو کوئی فرنچائز کا حق نہیں ملا۔ دلّی والے اپنے فائیننس پر بحث کرنے کا کوئی حق نہیں رکھتے تھے۔ میں اس کو بہت لمبا کرسکتا ہوں۔ لیکن یہ کہنا چاہتا ہوں کہ بنیادی طور پر دلّی کو فل فلیجڈ اسمبلی نہ دینا۔ دلّی کے لوگوں کو ڈی فرنچائز رکھنا اس کی سازش ہے۔ اکثما کریں۔ میں سازش شبد کا استعمال کر رہا ہوں۔ صدر صاحب میں صرف یہ کہنا چاہتا ہوں گا کہ سات سال کے بعد جتنا لائے ہیں وہ بھی غنیمت ہے۔ لیکن معاف کیجئے ہوم منسٹر صاحب سے معافی مانگ رہا ہوں۔ کچھ نہیں لائے ہیں۔ دلّی والوں کو جو مکمل حق ملنا چاہیے تھا وہ نہیں ملا ہے۔ اس بل کے ایک ایک کلاز کو لیکر میں کہاں باتیں کروں ابھی میرے ساتھی کہہ رہے تھے۔ صاحب جو ہندی کا معاملہ جو آہلو والیہ صاحب نے اٹھایا ہے بدقسمتی سے ہندی اور انگریزی کو ہم نے ایسے دائروں میں ڈال دیا ہے۔ ایک زمانہ میں یہ کہا جارہا تھا کہ ہندی میں بات اس لیے نہیں کی جاسکتی

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I want to know whether you would like to speak now or at the time of moving the Amendments.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : हां दोनों पर। That is my right. I cannot be deprived of my right.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I am not depriving you. I am just giving you the option. Looking at the whole situation, I was putting it to you whether you want to make one speech or you would like to make two speeches, one in general now and then at the time of moving your Amendment.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, बहुत दिनों से मांग चली आ रही थी (व्यवधान)

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Sir, the hon. Members may consider that the speeches which are being made would have been relevant in the context of the Constitutional Amendment. That Constitutional Amendment was accepted yesterday and approved without any voice of dissent, without any discussion, without any debate. So far as this Bill is concerned, this Bill is only effectiuating the provisions of the Constitution. I do not understand why this criticism is being advanced today in this context of this Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): The Home Minister will take care of it.

श्री सिकन्दर बख्त : आपने कहा कि मुझे इससे इत्फाक है। ... (व्यवधान)

SHRI MADAN BHATIA: Having accepted the Constitutional Amendment in its entirety without any discussion, now they are raising all sorts of objections on the Bill which is only intended to effectuate the Amendment contained in the Constitutional Amendment Bill which has been approved unanimously yesterday by the entire House without any debate. I think, all this criticism is nothing but wastage of time of this hon. House.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: It is highly objectionable. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Malaviyaji, please go ahead.

श्री शंकर दयाल सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, इसमें एक बात है, देखिए। (व्यवधान)

डा. रत्नाकर पाण्डेय : सरकार की हर चीज को क्रिटिसिज्म करना आपका कर्म और धर्म है, क्योंकि आप विरोधी दल के रहे हैं। (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह : माननीय सदस्य श्री मदन भाटिया जी ने कहा, हम उसका विरोध कर ही नहीं रहे हैं। लेकिन मदन भाटिया जी ने जो कहा बिल्कुल गलत कहा है। यदि यही बात थी तो दोनों बिल को एक साथ लाते। कल हम लोगों ने, सबने कहा था, आज हम कन्स्टीट्यूट एमेंडमेंट बिना बहस के पारित

करते हैं। लेकिन दिल्ली के बारे में जो आप एडोप्ट करें, जहां तक भाषा का प्रश्न है, जब आप संसद हिन्दी और अंग्रेजी दोनों को मानते हैं तो इसमें केवल अंग्रेजी में होगा। ... (व्यवधान) ... अगर इस बात को अहलुवालिया जी ने और सिकन्दर बख्त जी ने रखा है मैं समझता हूं कि क्या बुराई है ? इसलिए जो बात उन्होंने उसके साथ उठाई, तो कल दोनों लाते। ... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please sit down. I have not upheld his point of order. So....

श्री शंकर दयाल सिंह : उन्होंने गलत ढंग से इंटरप्रिटेट किया।

I have no objection for his interpretation.

(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Malaviyaji, I have already identified you. You please go ahead.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं यह निवेदन कर रहा था कि बहुत दिनों से बात आ रही थी कि दिल्ली को ... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Just a minute. Mr. Jacob wants to make some announcement.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, as suggested, I have made arrangements for Dinner as usual....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): That is a good celebration for Delhi, I believe.

SHRI M. M. JACOB: .... from 7.30 p.m. onwards.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उपसभाध्यक्ष महोदय, बहुत दिनों से मांग थी कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाये। इस घोषणा का मैं स्वागत करता हूं, क्योंकि जहां कुछ नहीं था तो कम से कम लोगों को वोट देने का अधिकार होगा, यहां एक मंत्रिपरिषद् बनेगी और मुख्य मंत्री होंगे। पहले भी अंग्रेजों के जमाने में दिल्ली में केन्द्र सरकार का सीधा शासन था। लेकिन बाद में कंस्टीट्यूएंट असेंबली की डिबेट के बाद इस देश के प्रत्येक नागरिक को उनका अधिकार दिया गया और उसी के अन्तर्गत दिल्ली में विधान सभा कायम हुई, मंत्रिपरिषद् कायम हुई और दिल्ली पार्ट-सी स्टेट कायम हुई। लेकिन बाद में राज्य पुनर्गठन आयोग की संस्तुति के अनुसार 1956 में दिल्ली विधान सभा समाप्त करदी गई और उसके बाद से लेकर आज तक बराबर इस मांग को रखा जा रहा है। लेकिन इसमें जो बालकृष्ण कमेटी की रिपोर्ट है, जिसके पहले अध्यक्ष जस्टिस सरकारिया थे और उन्होंने त्याग पत्र दे दिया तो मि० बालकृष्ण के नाम से एक समिति अप्वाइंट हुई। तो बालकृष्णन के नाम से एक समिति एपाइंट हुई। उसकी कुछ संस्तुतियों को माना गया है और कुछ को नहीं माना गया है। अभी सिकन्दर बख्त जी ने इस बात की चर्चा की, इसलिए मैं आवश्यक समझता हूं कि जो कमेटी बिठाई गई थी दिल्ली में किस प्रकार का राजनीतिक सैट-अप हो, इस बारे में, उसने इस बात की संस्तुति दी है कि दिल्ली के जो विधायक हैं, जो विधानसभा के सदस्य हैं, उनको भी राष्ट्रपति के चुनाव में भाग लेने का अधिकार होना चाहिये और इसके लिए संवैधानिक संशोधन लाना चाहिए। खैर, यहां पर संवैधानिक संशोधन नहीं लाया गया लेकिन मैं सिर्फ इस बात की प्रार्थना करता हूं कि जैसी बालकृष्णन समिति की रिपोर्ट है, उसके अनुरूप दिल्ली के जो विधानसभा के सदस्य होने वाले हैं, उनको राष्ट्रपति के चुनाव में भाग लेने का अधिकार मिलना चाहिए और इनकी रिपोर्ट का उद्धरण मैं पढ़ रहा हूं पैरा 6.7.23 में उसने कहा है --

"We consider the desirability and appropriateness of adopting a sug-

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

gestion made to us that the elected members of the Legislative Assembly for Delhi should be included in the Electoral College for Presidential election under article 54 of the Constitution. The article provides that the President shall be elected by the members of an electoral college consisting of.... the elected members of the Legislative Assemblies of the States."

The Committee further said that in case of legislature for Delhi with a Council of Ministers, it is only appropriate that elected members of the Legislative Assembly of Delhi should be included in the Electoral College for election to the office of the President.

इसलिए मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता द्वारा चुने हुए जो प्रतिनिधि हैं और दिल्ली के लोग अपने को उपेक्षित न समझें, जो देश की राजधानी में रहते हैं, इसलिए भविष्य में इस संबंध में केन्द्रीय सरकार को संशोधन निश्चित रूप से लाना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि इस बिल में, उपराज्यपाल को बहुत ज्यादा अधिकार दिए गए हैं। मंत्री परिषद् जो फैसला करेगी, उस मंत्रिपरिषद् के फैसले को राज्यपाल रोक भी सकते हैं, राष्ट्रपति के पास भेज भी सकते हैं। इस बात पर भी कभी भविष्य में आप ध्यान रखिएगा।

तीसरे, मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि राज्यपाल के अधिकारों के संबंध में नहीं बल्कि उनका जो स्टेटस है, उसके संबंध में भी बालकृष्णन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी है। उसको पढ़कर मैं समय नहीं लूंगा लेकिन मैं सुझाव देना चाहता हूं कि भविष्य में आप इस पर विचार करिए और इस रिपोर्ट के अनुरूप दिल्ली के जो उपराज्यपाल हैं, उनका जो स्टेटस है उसका ध्यान रखिए।

महोदय, जिस बात को अहलुवालिया जी ने उठाया है और सिकन्दर बख्त जी ने भी जिसकी तरफ ध्यान आकर्षित किया है, उसके संबंध में भी यह कहना चाहूंगा कि यह जो आपका विधेयक है, इसमें धारा 35 है जिसके अनुसार—

"धारा 34 में किसी बात के होते हुए भी, जब तक संसद द्वारा अन्यथा उपबंध न करे, तब तक जो—

(क) विधेयक अथवा उन पर संशोधन विधान सभा में पुरःस्थापित या प्रस्तावित किए जायें उन सभी के प्राधिकृत पाठ,

(ख) अधिनियम विधान सभा द्वारा पारित किए जायें उन सभी के प्राधिकृत पाठ,

(ग) आदेश, नियम, विनियम और उपविधि, विधान सभा द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन निकाले जाएं उन सभी के प्राधिकृत पाठ,

अंग्रेजी भाषा में होंगे।"

आपने इस बात का प्रावधान किया है कि जब तक संसद इस संबंध में कोई कानून नहीं बना देती है, इस संबंध में कोई अधिनियम नहीं बना देती है, तब तक जो दिल्ली में विधान सभा स्थापित होने जा रही है, उसकी अधिकृत भाषा अंग्रेजी होगी। अंग्रेजी इस देश की भाषा नहीं है। भले ही संविधान में उसकी चर्चा है लेकिन जो भी 16–17 भाषाएं हैं हमारे देश की, जिनमें तेलुगु भी है, मलयालम भी है, और दूसरी भाषाएं भी हैं, उनमें अंग्रेजी नहीं है और अंग्रेजी भाषा को मैं गुलामी का प्रतीक मानता हूं। अंग्रेजी आप पढ़िए, अंग्रेजी से अपने ज्ञान को बढ़ाइए लेकिन अंग्रेजी का इस्तेमाल सरकारी कामकाज के लिए हो, वह भी दिल्ली की विधान सभा के लिए, इस बात को मैं उचित नहीं मानता हूं। इसलिए मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि जो यह विधेयक है, इसके संबंध में आप निर्णय ले सकते हैं। क्यों आप संसद के लिए छोड़ते हैं कि संसद भविष्य में जब इस तरह का कानून बनाएगी तब देखा जाएगा लेकिन वर्तमान में अंग्रेजी भाषा रहेगी।

दिल्ली में जो लोग रहते हैं, वे इसके मतदाता होंगे । दिल्ली में रहने वाले लोग जो हैं उनकी संख्या भी अंग्रेजी भाषी लोगों की नहीं है । इसलिए मैं पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि इस संबंध में आप विचार करिएगा क्योंकि भाषा का सवाल इस देश के लोगों की रोजी और रोटी से जुड़ा हुआ है । भाषा का सवाल जबान से नहीं जुड़ा है, रोजी-रोटी से जुड़ा है और इस लिए मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि इस संबंध में आप विचार करिएगा ।

इतना तो मैंने शुरू में ही कहा कि दिल्ली के लोगों के लिए आप अधिकार देने जा रहे हैं लेकिन हम लोगों के यहां एक कहावत है कि "खोदा पहाड़ और निकली चुहिया" । अहलुवालिया जी ने ठीक ध्यान आकर्षित किया कि आखिर जो कानून-व्यवस्था है, जो लॉ एंड आर्डर है, उसके संबंध में दिल्ली विधानसभा को आपने अधिकार नहीं दिया है । दिल्ली विधान सभा जो भंग होगी, उसका अधिकार भी पूरा का पूरा आपके लैफ्टिनैंट गवर्नर को दे दिया है । तो मेरा यह सुझाव है कि इन सारी बातों पर आप विचार करिए, अभी नहीं तो भविष्य में विचार करिए और उस पर एक अच्छा खासा विधेयक लाइए और मुझे पूरा विश्वास है कि बहुत जल्दी दिल्ली में विधानसभा स्थापित होगी, दिल्ली के मतदाताओं द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि होंगे और दिल्ली में एक मंत्री परिषद् और एक मुख्यमंत्री भी होंगे । लेकिन अंत में एक सुझाव देकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । चूंकि दिल्ली के विधेयक को आप ... (व्यवधान)

श्री आर० के० धवन : आपने धारा 35 नहीं पढ़ी है । ... (व्यवधान) उसमें सब लिखा हुआ है लेजिस्लेटिव असेंबली... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैंने पढ़ा है... (व्यवधान)

श्री आर० के० धवन : पढ़ा नहीं है, आपने सिर्फ बोलना है बोलने के लिए... (व्यवधान) आप हाऊस का टाइम वेस्ट कर रहे हैं ।... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं 25 साल से लेजिस्लेचर में हूं, आप 4 साल से हैं... (व्यवधान)

श्री आर० के० धवन : मैं 32 साल से वहां बैठा हूं...यह मत कहिए 25 साल से यहां पर हूं... (व्यवधान)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : आप वहां नौकरी करते थे, ... (व्यवधान)

श्री आर० के० धवन: आप पढ़िए तो सही इसको... (व्यवधान)

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: .....

SHRI R. K. DHAWAN: ...* ... * But I was there.. (*Interruptions*) I know better than you.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: .... * .... (*Interruptions*)

SHRI R. K. DHAWAN: ..... * ..... * .... What do you ment? (*Interruptions*)

SHRI MADAN BHATIA: Mr. Vice-Chairman, Sir, this kind of personal insult cannot be allowed. This is the type of useless talk being indulged in by the other side.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I will look into the record. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, this kind of remark cannot be made. It should be expunged. (*Interruptions*)

श्री आर० के० धवन : आपकी काबलीयत इससे साबित हो रही है... (व्यवधान)

SHRI MADAN BHATIA: He does not read it. He is wasting the time of the House. Let him read the proviso. He should have read the Bill, before making his speech. Instead of doing it, he has started indulging in insults. He is hurling insults. Sir,

*Expunged as ordered by the Chair.

[Shri Madan Bhatia]

this is a breach of privilege of the House. I am giving a notice. This is not the first instance. It has happened with me. This kind of personal insult against another Member is a breach of privilege of the House. I give notice against him. Sir, I respectfully submit that it is a breach of privilege of the House. This is a very serious matter. This is an insult.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You can give notice.

SHRI MADAN BHATIA: I am giving a notice for breach of privilege against Mr. Satya Prakash Malaviya. Any personal insult against another Member is very serious. It is a gross breach of privilege of the House. I want to give notice of breach of privilege against Mr. Malaviya.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You can do that. There is nothing wrong.

SHRI MADAN BHATIA: Sir, you can take notice of this. I respectfully submit. When I have given notice to the hon. Chair, the hon. Chair may convey my notice to the hon. Chairman, so that the hon. Chairman may decide whether it is a breach of privilege or not.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You have to give it in writing.

SHRI MADAN BHATIA: I am giving a notice of breach of privilege to the hon. Chairman. This is a very serious matter. We have heard this kind of personal insult a number of times. They have insulted me a number of times, on various occasions. This is their culture. This is nothing but* to which they belong.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: I will reply to you.

SHRI MADAN BHATIA: This is nothing but * from which they have sprung up.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Sir, is it parliamentary?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): It will not go...

डा० रत्नाकर पाण्डेय : सदन का हर सदस्य माननीय है । इस तरह की बातें सदन की गरिमा को गिराती हैं । यह नहीं होना चाहिए । (व्यवधान)

श्री राम नरेश यादव : मेरा इतना ही आग्रह है कि जो इस तरह के शब्दों का आदान-प्रदान हुआ है वह रिकार्ड में नहीं जाना चाहिए । (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I will look into it. I have already said that I will look into it. If there is anything unparliamentary, it will not go. Now let us go ahead. Yes, Shri Narayanasamy.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उपसभाध्यक्ष जी, यह आपका अधिकार है । लेकिन मैं इतना निवेदन करना चाहता हूं कि भाटिया साहब जो प्रिविलेज नोटिस दें लिख कर दें और चेयरमैन साहब तक भिजवा दें । मैं उसका जवाब दे दूंगा ।

मैं यह निवेदन कर रहा था कि अंग्रेजी भाषा को मैं गुलामी का प्रतीक मानता हूं । मैं समझता हूं इस बात को इस विधेयक में नहीं होना चाहिए लेकिन ला मिनिस्ट्री इसलिए इस पर विचार करें और विचार करने के बाद अच्छा और व्यापक विधेयक लायें । इन शब्दों के साथ मैं अपने विचार प्रकट करके समाप्त करता हूं ।

SHRI V. NARAYANASAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity. As a person coming from a Union Territory, I feel satisfied that Delhi has

*Expunged as ordered by the Chair.

been given the status of having the Legislative Assembly. It is a long-felt need of the people of Delhi and also the various other political parties. Our Congress (I) party also unanimously passed a resolution and welcomed the Legislative Assembly for Delhi. Sir, in Delhi people from all walks of life are living. People have migrated to Delhi from various States. The people who have settled in Delhi are also benefited because the administration in Delhi was not up to the expectations. Day in and day out either the hon. Home Minister or the Surface Transport Minster or the Urban Development Minister of the Central Government receives petitions from people about the maladministration, corruption and embezzlement by the officials who are working in the Delhi Administration. The Metropolitan Council was there which did not have the teeth to have control over the administration. The Lt. Governor was the sole authority but he could not manage the affairs of Delhi. The other aspect is, there are various authorities who have been dealing with various departments. In some cases the Lt. Governor interferes, in some cases the Central Minister interferes and in some cases the Council interferes. Also there are multifarious agencies with multifarious functions and it ends nowhere. Neither the people nor the administration knew what was going on, whether the people got the benefit or not. If you look at the DDA, DTC, NDMC, criticism has been mounting against various organisations and the Government could not cope with the demands from various people. Now there is going to be a nodal agency, that is the Legislative Assembly, which will control the affairs of Delhi.

Having welcomed the Bill I have certain apprehensions about this Bill. As per the latest census the population of Delhi as on date is 4.9 million. Nearly 35 to 40 per cent of the people have come and settled here from other States. The people who are working in the Central Government offices, the people who are working even in Delhi Administration, most of them have come from various States and are working here. Some of them have settled here for more than 30 years and, especially, people from South India are more compared to people from other parts of the country. Now, I feel, in this Bill protection has not been given to them. The reason is, whichever party comes to power in the Legislative Assembly, there will be a hue and cry from that party that the people who have migrated recently should go out. That kind of a demand will be there. Therefore, I would like to ask the honourable Home Minister as to what kind of protection they are going to give to those people who have migrated and settled here in Delhi in recent times, say, during the last three, four or five years. Now even Members of Parliament are coming and settling here for 5, 10 or 15 years and they go back to their respective States later on. Even on the question of day-to-day administration, they have to approach the Delhi Administration for their daily, routine work. Therefore, on the kind of protection which should be given to people who have migrated and settled here, I would like to have a clarification from the honourable Home Minister here.

Secondly, Legislative Assembly for the Union Territory is a welcome move. There is a provision under the Union Territories Act of 1963—the power to nominate Members by the President Why I am raising this point is because, according to the Union Territories Act the Legislative Assembly will be small. The Members who will be elected, most of them, will be from political parties and even persons who are nominated. We have nomination in the Lok Sabha and the President also nominates Members to this House. The provision for nomination had been clearly spelt out when there was criticism against that

[Shri V. Narayanasamy]

Bill in 1963. The then Home Minister, Shri Lal Bahadur Shastri, made a very categorical assertion in the other House and this House also, that the benefit of guidance and opinion of people of various walks of life, especially, science and technology, culture and other important fields would be lacking and therefore we should have nomination. Sir, here I would like to read out the provision for the benefit of this House. In section 3 of the Union Territories Act of 1963 it is said, "The Central Government"—that is, the President— "may nominate not more than two"— now it has been revised to three—"persons, not being persons in the service of the Government, to be nominated Members of the Legislative Assembly of the Union Territory." Since Delhi is enjoying the status of a Union Territory and not full statehood, my humble opinion is that for Delhi also the provision for nomination of Members should be there in this Bill because it would benefit the people, especially because people who have got experience in science and technology people who have got experience in the field of culture and so on would be present in the House and they would give their guidance and opinion.

Sir, coming to another aspect, the powers of the Lieutenant Governors are large, vast and wide, and ultimately what is happening is, under the Union Territory set-up the Home Ministry is controlling the Union Territory. This is the state of affairs which we have been experiencing. We have the Union Territories Act and also a Legislative Assembly but, practically, we always have to come to the Home Ministry for the clearance of all the subjects that are being administered in the Union Territory. But, Sir, now I submit that the honourable Home Minister has been kind enough and the Union Territories are not facing much problem. But now there will be criticism when the Central Government is ruled by one party and the Union Territory is ruled by another party, and there will be a clash of interests. Now, Sir, because the powers given to the Lieutenant Governors are so vast and wide, the bureaucrats in the Union Territories feel—that is my personal experience—that they are super bosses, and the elected body has no say in matters. That kind of apprehension should be removed from the minds of the burreaucrats. Sir, the Lt. Governor is considered to the authority for the purpose of vetoing the powers of the Legislative Assembly, whatever the Legislature has passed, whatever decision has been taken by the Legislative Assembly. Enormous powers have been given to the Lt. Governor, Limited powers should be given to the Lt. Governor. The powers vested in the President, we will be happy to accept. That suggestion I would like to make to the hon. Home Minister in this regard.

Sir, about the language there is a hue and cry. You have heard that some of the Members are telling that Hindi should be there, and some other Members are telling that English should be there. Sir, admittedly, English is the link language in this country. I am not the one .....

DR. RATNAKAR PANDEY: Now you do not know that Hindi is the link language. Do not misguide the House.

SHRI MADAN BHATIA: Sir, on a point of information I may be permitted to speak. All the objections which have been raised not only show that this particular provision has not been read by them but also shows their colossal ignorance of the provisions relating to other Union Territories. This Act which was passed in 1963, also contains ....

SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN (Andhra Pradesh): Is it a point of order?

